वर्ष : 15 | अंक : 283 जयपुर | रविवार, 17 अगस्त, 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष-नवमीं संवत्-2082 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

दैनिक

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

# बढ़ता राजस्थान

Since : 2004

कदम बढ़ाएं, सच के साथ



## स्वतंत्रता दिवस पर मोदी 103 मिनट बोले

**लाल किले पर किसी पीएम का सबसे लंबा भाषण, ट्रम्प के टैरिफ का नाम लिए बिना जवाब दिया**

79वें स्वतंत्रता दिवस पर पीएम मोदी ने लाल किले पर लगातार 12वीं बार तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने 103 मिनट का भाषण दिया। यह अब तक के किसी भी प्रधानमंत्री का लाल किले से दिया सबसे लंबा भाषण है।

लाल किले पर भाषण देकर मोदी ने अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा है। उन्होंने 2015 में 88 मिनट का भाषण दिया था। तब उन्होंने पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ा था। नेहरू ने 1947 में 72 मिनट का भाषण दिया था।

पीएम ने अपने भाषण की शुरुआत ऑपरेशन सिंदूर से की। इस पर 13 मिनट से ज्यादा बोले। उन्होंने आतंकवाद, सिंधु समझौता, आत्मनिर्भरता, मेड इन इंडिया, नक्सलवाद और अवैध घुसपैठियों पर अपनी बात रखी। उन्होंने बिना नाम लिए ट्रम्प के टैरिफ का भी जवाब दिया। उन्होंने कहा- भारत के किसान, पशुपालक, मछुआरे, हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता हैं। इससे जुड़ी किसी भी अहितकारी नीति के आगे मोदी दीवार बनकर खड़ा है। भारत, अपने किसानों, पशुपालकों, मछुआरों के संबंध में कभी भी कोई समझौता नहीं स्वीकार करेगा।

**लाल किले की प्राचीर से पीएम मोदी का दुश्मनों पर निशाना**

# स्वदेशी और 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र के साथ पीएम मोदी का समृद्ध भारत का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** देश अपना 79वां स्वतंत्रता दिवस पूरे जोश और धूमधाम के साथ मना रहा है। ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रध्वज फहराने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों को नमन किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को और तेज करने का संकल्प लिया। अपने संबोधन की शुरुआत में ही उन्होंने पाकिस्तान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर कोई भी आंच बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस वर्ष के समारोह की थीम 'नया भारत' है। लाल किले की प्राचीर से तिरंगा फहराने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्र को संबोधित किया। यह उनके राजनीतिक जीवन का एक और ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि वे लगातार 12वीं बार लाल किले से स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहरा चुके हैं, और ऐसा करने वाले पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री बन गए हैं। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्रिमंडल के सदस्य, सत्ता और विपक्ष के नेता, विभिन्न देशों के राजदूत, उच्च न्यायपालिका के जज, लोकसभा अध्यक्ष, राज्यसभा उपसभापति, संवैधानिक पदों पर आसीन हस्तियां, वरिष्ठ नौकरशाह और सैन्य अधिकारी मौजूद रहे। स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी दिल्ली में सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गये थे। गुरुवार रात 10 बजे से ही दिल्ली की सीमाओं पर वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश रोक दिया गया था, जो लाल किले के कार्यक्रम की समाप्ति तक जारी रहा।

## मोदी ने लाल-किले से पहली बार आरएसएस की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले के प्राचीर से पहली बार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का जिक्र किया। उन्होंने 79वें स्वतंत्रता दिवस के संबोधन में कहा- आज गर्व के साथ मैं इस बात का जिक्र करना चाहता हूं कि 100 साल पहले एक संगठन आरएसएस का जन्म हुआ। 100 साल की राष्ट्र सेवा गौरवपूर्ण है। आरएसएस ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण के संकल्प को लेकर 100 साल मां भारती के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। सेवा, समर्पण, संगठन और अप्रतिम अनुशासन जिसकी पहचान रही है, ऐसा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा हलह है। इस पर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा- प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में आरएसएस का जिक्र मोहन भागवत को खुश करने के लिए किया, क्योंकि मोदी अब पूरी तरह उनके भरोसे हैं। सितंबर के बाद जब वे 75 साल के हो जाएंगे, तो पद पर बने रहे के लिए मोहन भागवत की मदद पर निर्भर हैं।

पीएम मोदी 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। विपक्ष के कई नेता 2024 के चुनाव से पहले और बाद में उनके 75 की उम्र पूरी करते ही रिटायर होने के चर्चा कर चुके हैं। मई, 2024 में अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि अगर भाजपा लोकसभा चुनाव जीत गई तो मोदी अगले साल तक ही प्रधानमंत्री रहेंगे। पीएम मोदी ने खुद यह नियम (75 साल की उम्र में रिटायरमेंट) बनाया है।

## दिल्ली में हुमायूं मकबरा कैंपस में छत गिरी, 6 की मौत



कुल्लू/लखनऊ/भोपाल/दिल्ली। एजेंसी

दिल्ली में हुमायूं का मकबरा कैंपस में शुक्रवार शाम 4 बजे एक कमरे की छत गिर गई। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के डीएम डॉ. श्रवण बागड़िया के मुताबिक, 12 लोगों को रेस्क्यू किया गया था। इनमें से 6 लोगों की मौत हो गई। डीएम ने कहा कि सामने आया है कि ये लोग एएसआई साइट पर अवैध रूप से रह रहे थे। यह जांच का विषय कि कोई अवैध रूप से कैसे रह रहा था, अगर ये सच है तो कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा, पता चल रहा है कि यहां कोई मौलवी साहब रहते हैं, लोग यहां उनके पास ताबीज बनवाने आए थे। वहीं, दिल्ली में यमुना का जलस्तर 204.65 मीटर पहुंच गया, जो चेतावनी स्तर से ऊपर है। हथिनीकुंड बैराज से 47,024 क्यूसेक और वजीराबाद से 35,130 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। खतरे का स्तर 205.33 मीटर है। प्रशासन ने हालात पर कड़ी नजर रखते हुए सतर्कता बढ़ा दी है।

# सुप्रीम कोर्ट, हाईकोर्ट से बड़ा नहीं : सीजेआई गवई

**दोनों बराबर; जज नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम किसी खास नाम की सिफारिश नहीं कर सकता...**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम सिस्टम में हाईकोर्ट से बड़ा नहीं है। दोनों संवैधानिक अदालतें हैं और इनमें से कोई भी एक-दूसरे से न तो बड़ा है, न छोटा।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट का कॉलेजियम हाईकोर्ट के कॉलेजियम को जज के पद के लिए खास नाम की सिफारिश नहीं कर सकता है। जस्टिस गवई आज सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा स्वतंत्रता दिवस के 79वें समारोह में बोल रहे थे।

इस मौके पर एससीबीए अध्यक्ष विकास सिंह ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले वकीलों को भी हाईकोर्ट में जज बनाने के लिए विचार किया जाना चाहिए, भले ही उन्होंने वहां प्रैक्टिस न की हो।

सीजेआई गवई ने कहा कि जज नियुक्ति की पहली जिम्मेदारी हाईकोर्ट कॉलेजियम की होती है। सुप्रीम कोर्ट सिर्फ नाम सुझा सकता है और हाईकोर्ट से नामों पर विचार करने का अनुरोध करते हैं। हाईकोर्ट की सहमति के बाद ही वे नाम सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम तक पहुंचते हैं।



### गवई बोले- कोई भी मामला छोटा नहीं होता

अपने संबोधन में सीजेआई गवई ने स्वतंत्रता संग्राम के नायकों को याद करते हुए कहा कि आजादी सिर्फ राजनीतिक आंदोलन नहीं था, बल्कि यह नैतिक और कानूनी संघर्ष भी था जिसमें वकीलों की बड़ी भूमिका रही। कोई भी मामला छोटा नहीं होता, जो एक के लिए मामूली लग सकता है, वह दूसरे के लिए जीवन, सम्मान या अस्तित्व का सवाल हो सकता है। गवई ने कहा कि जजों की जिम्मेदारी है कि वे कानून की ऐसी व्याख्या करें जिससे आजादी बढ़े, वंचितों के अधिकार सुरक्षित हों और कानून का राज मजबूत हो। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के कई चरणों और नायकों संथाल विद्रोह, बिरसा मुंडा, ज्योतिबा और सावित्रीबाई फुले, रवींद्रनाथ टैगोर, महात्मा गांधी और भीमराव अंबेडकर का उल्लेख किया।

# किश्तवाड़ आपदा- 65 शव बरामद, 40 की पहचान

**200+ लापता, 500 लोग रेस्क्यू; सीएम अब्दुल्ला से युवक बोला- हमें बस डेड बॉडी दे दो**

बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन है। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 34 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के ष्टरू उमर अब्दुल्ला चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव



मदद का आश्वासन दिया। इस पर एक शख्स ने उनसे कहा- हमें कुछ नहीं चाहिए, आप सब अपने घर ले जाओ, हमें सिर्फ डेडबॉडी दे दो। मेरी मां-मौसी लापता हैं। युवक ने आरोप लगाया कि यहां पर 20 जेसीबी आई हैं, हम कल से देख रहे हैं कि सिर्फ 2 ही जेसीबी काम कर रही हैं। आज आप आए तो इन्हें चालू किया गया। जब कोई नेता आता है तो जेसीबी चालू कर दी जाती हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए जिले के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। सब कुछ बाढ़ में बह गया।




सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू, टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की हुई मौत

## 19 को पिता की रिटायरमेंट की पार्टी के कार्ड बांटकर वापस लौट रहा था कृष्ण घर...

बढ़ता राजस्थान



**निवाई/ गुन्सी।** गुरुवार की रात राष्ट्रीय राजमार्ग 52 व गुन्सी- राहोली सडक़ मार्ग पर हुई दो अलग-अलग दुर्घटना में दो युवक गंभीर घायल हो गए। गुन्सी चौकी पुलिस और राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को राजकीय उप जिला चिकित्सालय निवाई पहुंचाया। राहोली सडक़ हादसे में घायल हुए युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया और दूसरे घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया गया। शनिवार की सुबह करीब 9 बजे उपचार के दौरान उसकी भी जयपुर में मृत्यु हो गई। निवाई सदर थाना पुलिस ने बताया कि गुंसी निवासी कृष्ण कुमार 37 वर्ष पुत्र गोपाल कुम्हार गुरुवार को अपने पिता के एनबीसी फैक्ट्री से रिटायरमेंट पर आयोजित कार्यक्रम के निमंत्रण बांटकर कोथून की ओर से अपने गांव जा रहा था। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर रात करीब 9 बजे चनानी कट के पास अज्ञात वाहन ने बाइक के टक्कर मार दी इस दुर्घटना में वह गंभीर घायल हो गया। दुर्घटना की खबर मिलते ही गुंसी चौकी के सिपाही घटना स्थल पर पहुंचे और गंभीर घायल को प्राइवेट वाहन से राजकीय उप जिला चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जयपुर रैफर कर दिया। उपचार के दौरान जयपुर में शनिवार को उसने भी दम तोड दिया। दोपहर बाद एसएमएस में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। शव के गांव में पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतक युवक के दो लडक़े हैं जिनकी उम्र 13 वर्ष 8 वर्ष है। दूसरी दुर्घटना गुंसी से राहोली जाने वाले सडक़ मार्ग पर हुई। पुलिस ने बताया कि बिडोली ग्राम पंचायत के गांव श्रीविजयपुरा निवासी शंकर 31वर्ष पुत्र शायर गुर्जर गुरुवार की रात को मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुंसी से अपने गांव की ओर जा रहा था। इसी दौरान गुंसी से लगभग एक किलोमीटर आगे रात करीब साढ़े आठ बजे उसकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी इस टक्कर से वह गंभीर घायल हो गया। स्थानीय पुलिस ने 108 एम्बुलेंस से उसे राजकीय उप जिला चिकित्सालय, निवाई पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। युवक तीन भाई हैं।

इधर मृतक कृष्ण के पिता एनबीसी फैक्ट्री में कार्य करते हैं। 19 अगस्त को उनका रिटायरमेंट है। उसी की तैयारी में परिवार जोर शोर से लगा हुआ था। घर में खुशी का माहौल था। इस घटना से खुशियां मातम में बदल गई।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान

**चूरू, (नि.स.)।** संपूर्ण देश के साथ-साथ चूरू स्थित सरदान पटेल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी 79वाँ स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। इसके उपरांत राष्ट्रीय गान गाया गया और उपस्थित छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

विद्यालय के छात्रों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए कविताओं, भाषणों, गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से देशभक्ति का संदेश दिया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम में प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमें हमारे वीर शहीदों के त्याग और बलिदान से मिली है। हमें उनकी विरासत को संजोकर रखना है और सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानना चाहिए। समारोह के अंत में मिठाई वितरण किया गया।



# स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया...



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)** यहां केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर तिरंगा रैली का भव्य आयोजन किया गया। सुरक्षा बल के अधिकारी जवानों ने रैली साइकिलों पर निकाली जिसमें देशभक्ति के रंगों से सजी-धजी सैकड़ों साइकिलों पर तिरंगे झंडों के साथ प्रशिक्षणार्थियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। तिरंगा यात्रा की इस रैली का शुभारंभ स्थानीय आरटीसी परिसर से शुरू किया । रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई पुन: प्रशिक्षण केंद्र पर संपन्न हुई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतिभागियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा देश की एकता, अखंडता का संदेश दिया। आरटीसी के अधिकारियों ने बताया कि इस तिरंगा साइकिल रैली का उद्देश्य नागरिकों में देशभक्ति की भावना जागृत करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना था।

स्थानीय नागरिकों ने भी इस रैली का उत्साहपूर्वक स्वागत किया और देशभक्ति के नारों से वातावरण को गुंजायमान कर दिया।

# रोटरी क्लब उद्यम ने तारा संस्थान को विविध सामग्री की भेंट



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब उद्यम ने स्वतंत्रता दिवस पर तारा संस्था द्वारा संचालित सरकारी वृद्धाश्रम, बलीचा में समारोह आयोजित किया,जहाँ 30 से अधिक वरिष्ठ नागरिक एक परिवार की तरह रहते हैं।

क्लब अण्यक्ष वैभव शर्मा ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्नल कमलदीप सिंह ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष वैभव शर्मा सचिव जुली मरमट, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, रोटरी क्लब उद्यम के सदस्य और वृद्धाश्रम के निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्लब की ओर से वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण हेतु नेबुलाइज़र मशीन, ब्लड प्रेशर मॉनिटर और स्ट्रेथोस्कोप भेंट किए गए। रोटेरियन आकांक्षा बिस्वास ने वृद्धजन के लिए केक बनाकर भेंट किया कार्यक्रम का समापन वंदना सनाढ्य के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने पुन: मिलने और सेवा कार्य जारी रखने का संकल्प दोहराया।

# स्वतंत्रता दिवस पर शहर के बयाना रोड स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा कैप का वितरण किया



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** स्वतंत्रता दिवस पर शहर के बयाना रोड स्थित प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा, तिरंगा कैप का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व्यापार महासंघ के अध्यक्ष अजय मित्तल रहे।केंद्र संचालक पीयूष गोयल ने बताया कि केंद्र पर तिरंगे के रंग के गुब्बारों से सजावट की।सस्ती व निर्धारित दर पर जन औषधि केंद्र पर खरीदारी करने पहुंचे ग्राहकों को अभियान के तहत तिरंगा कैप व तिरंगा वितरित किया। कार्यक्रम में उप सभापति लेखेंद्र चौधरी,मनीष बंसल, प्रदीप आर्य, मनीष रतियापुरा, मनीष गोयल,नरेंद्र शर्मा, सतीश, राजेंद्र धाकड़, पंकज बल्लभगढ़,उपेंद्र गुप्ता, दिलीप सिंह,सुगर सिंह,राजीव गुप्ता,मनीष गोयल, एडवोकेट मदन मोहन शर्मा, सुनील कुमार आदि उपस्थित रहे।

# धुआँकला में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक, संगठन को मजबूत बनाने पर जोर

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं सांसद हरिश्चंद्र मीणा के निर्देशानुसार जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवली द्वारा धुआँकला कांग्रेस मंडल की कार्यकर्ता बैठक व संघटनात्मक मीटिंग 16 अगस्त शनिवार को आयोजित हुई। बैठक में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाने पर बात हुई और कार्यकर्ताओं को एकजुट रहकर पार्टी के हित में कार्य करने पर चर्चा की गई

बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हरिप्रसाद बेरवा, देवली ब्लॉक अध्यक्ष महादेव मीणा, धुआँकला मंडल अध्यक्ष इरफ़ान आजमी, दूनी देहात मंडल अध्यक्ष नीरज मीना, आवा मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र चौधरी,नगरफोर्ट मंडल अध्यक्ष बीरबल मीणा, पदम अजमेरा दूनी, पूर्व तहसीलदार लादू मीणा सतवाडा, राजू लाल मीणा पूर्व सरपंच चंदवाड, एडवोकेट राजेश नागर खेड़ा, एडवोकेट तौफिक अहमद नगर फोर्ट, हनुमान सिंह डाटुंडा, मनीष मीणा दौलतपुरा, शाहिद अली, मुकेश देवतवाल अध्यक्ष अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी, निज़ाम भाई नगरफोर्ट, एडवोकेट शुभम शर्मा, कान्हा मीणा, राम कल्याण फौजी दौलतपुरा, धर्मेंद्र सिंह हाडा ठीकरिया कला, अर्जुन मीणा चारनेट,



नंदकिशोर जांगिड़ चंदवाड, दामोदर मीणा केदारा, सोपाल मीणा, रामधन मीणा सतवाड़ा, सोहन मीणा खरौई, रतिराम मीणा गेरोटी, देशराज मीणा कोटड़ा, लल्लू जी मंसूरी, मोहन बैरवा पालगंज, आसाराम मीणा चंदवाड, मुकेश मीणा आकोडीया, बाबू लाल शर्मा रंगबिलाश, महावीर बैरवा बालूंदा, ऐसान खान, नारायण मीणा नेता दौलतपुरा, उपसरपंच किशन सैन, मोहन मीणा चारनेट, गोपाल माली धुआँकला, शिवराज बैरवा बालूंदा, दयासागर चौधरी धारोला, रामजीलाल बैरवा हाड़ौती, ईमरान देसवाली धुआँकला,पूर्व ष्ट्रक्र भंवरलाल गुर्जर, राजेश पहाड़ियां,एवं कांग्रेस परिवार के समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।बैठक के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारियों का अध्यक्ष द्वारा माला पहनाकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी पार्टी कार्यकर्ताओ ने पार्टी को और मजबूत करने हेतु अपने विचार व्यक्त किए। ऐसी बैठकों से संगठन में नई ऊर्जा का संचार होता है।

# सूरौठ कस्बे में स्वतंत्रता दिवस पर दिखा उत्साह, बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति, शिक्षकों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी /सूरौठ (अंशु गुप्ता)।** कस्बे में 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह पर नगरपालिका कार्यालय पर चैयरमेन पिंकेश शर्मा व तहसीलदार संजीव कुमार धाकड़ ने राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया उन्होंने बेहतर कर्तव्य निष्ठा के लिए कार्यालय के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया व ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल के संचालक राजू मीना ने बताया कि ध्वाजारोहण समाजसेवी केदार मीणा प्रेम पटेल के द्वारा किया गया नन्ने मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी समाजसेवी केदार मीणा ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित करवाई , आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशराज सिंह,व अध्यापक निरंजन सैनी ने बताया कि समिति सदस्य नत्थू सिंह राजावत व नारायण सिंघल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इसी प्रकार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भामाशाह रजनीश मीणा रहे विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा जिला सचिव शूटिंग बांल विश्राम मीणा अमरसिंह मीना नत्थू सिंह राजपूत पुरूषोंत्तम बंशीवाल नीरज बंशीवाल बाबू खां,बत्तू मेम्बर केदार मीना गोपाल मीना,विजयवाला शर्मा रही , ध्वाजारोहण नगरपालिका चेयरमैन पिंकेश शर्मा के द्वारा किया गया, अध्यक्षीय संबोधन वेदप्रकाश शर्मा महामंत्री ब्राह्मण समाज तहसील सूरौठ के द्वारा दिया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ने कहा- सबको मिलकर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करना होगा अपने कार्य को पूरी निष्ठा समर्पण भाव से करें, अमरसिंह मीना व विश्राम मीणा ने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाने दिया जाएगा ,समारोह में प्रेरणा दायक कार्यक्रमो की सराहना की। प्रधानाचार्य सोहन सिंह मीना, महात्मा गांधी प्रधानाचार्य एम डी भावना ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया सभी व्याख्याता शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र सिंह राजपूत व भूपाल मीना ने स्कूली बच्चों को शारीरिक व्यायाम करवाया , व प्रदर्शन के साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए,,अपनी अपनी विषयों का अच्छा रिजल्ट देने पर व्याख्याता वीरेंद्र सिंह पाराशर पुष्पेन्द्र बैसला, अरविंद चतुर्वेदी, रविकांत उपाध्याय, अखिलेश बंशीवाल,सुनील कुमार, हिमांशु शर्मा रचना गोयल, सुमनता, अभिलेखा गुरमेल कौर सहित कई शिक्षक व शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया व साथ ही साथ अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को अतिथि गणों द्वारा शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।



## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर संजीव झांकियों व बाइक रैली का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** यादव महासभा की ओर से कस्बे में राधा कृष्ण की विभिन्न संजीव झांकियों का आयोजन कर बाइक रैली निकाली गई। यादव महासभा अध्यक्ष भैरू हुल्ड़ा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत खोस्या मंदिर पावटा से की गई, जिसमें संजीव झांकियों के पीछे सैकड़ों युवा डिजे पर नाचते हुए राधे कृष्णा के जय जयकार लगा निरन्तर आगे बढ़ रहे थे। संजीव झांकी व रैली खोस्या मंदिर से प्रारम्भ होकर शहर के बिचो बिच से हौली चौक, सुभाष चौक होते हुए, कमला मील के सामने से राजमार्ग स्थित गुरूवारे के पिछे श्री कृष्ण यादव महासभा भवन पहुंचकर विसर्जित हुई। जहां एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित था। पूरे यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं ने झांकियों का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। यादव महासभा भवन में वक्ताओं ने श्रीकृष्ण से जुड़ी प्रेरणादायी कथाओं का वर्णन किया और उपस्थित जनों से उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन धर्म, नीति और सत्य पर आधारित है, जिन्हें अपनाकर समाज में सद्भाव और एकता स्थापित की जा सकती है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण कर किया गया। इस दौरान सेवानिवृत्त तहसीलदार रामनिवास यादव, किशन लाल गुरुजी, डॉ. सुरेंद्र यादव, मालीराम बाड़िगर, सरपंच मदन यादव, ख्याली राम गुरुजी, विकास तूड़ीवाला, प्रदीप कुमार, जीतू हुलड़ा, राजेंद्र यादव, विकास यादव, योगगुरू पूरण मल, हवासिंह यादव, रामकुवार समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

# विधायक कुलदीप धनकड़ ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे में उपखंड स्तरीय 79 वां स्वतंत्रता दिवस समारोह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने ध्वजारोहण कर मार्च पास्ट की सलामी ली और उपखंड अधिकारी कपिल कुमार ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विधायक कुलदीप धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीर सपूतों की याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि हमें देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने हमेशा से ही क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों और संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य जयसिंह यादव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। विभिन्न राजकीय सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य करने पर राजकीय कर्मचारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को भी प्रशस्ति पत्र और प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर तहसीलदार लोकेन्द्र मीणा, नायब तहसीलदार संजय खेदड़, प्रागपुरा थानाधिकारी किरण सिंह यादव, मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी धर्मवीर जिन्दौलिया, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी सुरेश चंद्र कसाना, सहायक अभियंता संजीव जाखड़, जेएन वीरेंद्र यादव, जिला पार्षद भोलाराम गुर्जर, पावटा प्रधान प्रतिनिधि जगन चौधरी, एससी मोर्चा उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद चौहान, पावटा भाजपा मंडल अध्यक्ष विरेन्द्र राठी, संजू सैनी प्रागपुरा, गिरिराज औला समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** केंद्रीय स्थानीय औद्योगिक सुरक्षा बल क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, देवली में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उप निरीक्षक नरेंद्र देव आनंद, ने शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने जवानों एवं प्रशिक्षणार्थियों को स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद करने और देश की सेवा में सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की याद दिलाने का दिन है। इस अवसर पर आरटीसी देवली के अधिकारियों, अधीनस्थ अधिकारियों, बल सदस्यों एवं प्रशिक्षणार्थियों द्वारा राष्ट्रीय सलूट, युद्ध कौशल प्रदर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष के साथ हुआ। तो वही स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में शाम 500 बजे वार मेमोरियल पर सीआईएसएफ बैंड का प्रदर्शन भी किया गया। इस अवसर पर सीआईएसएफ बैंड ने देशभक्ति की धुनों का मनमोहक प्रस्तुतीकरण करके उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षणार्थियों एवं स्थानीय नागरिकों मन मोह लिया और सभी को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। इस अवसर पर देवली उपखंड अधिकारी, ज्यूडिशियल मैजिस्ट्रेट एवं शहर के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# लेकसिटी राउंड टेबल ने रोपें 1 हजार पौधे

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** लेकसिटी राउण्ड टेबल द्वारा विभिन्न स्थानों पर विविध किस्मों के 1 हजार पौधे रोपें गये।

चेयरमैन विशाल शाह ने बताया कि इस वर्ष टेबल का शहर में 5 हजार पौधें रोपनें का लक्ष्य है। जिसे अपने सदस्यों के माध्यम से पूरा किया जायेगा। टेबलर वैभव सिंह ने बताया कि शहर को हरियाली से आच्छादित करने के लिये इस वर्ष टेबल ने यह लक्ष्य हाथ में लिया है। चेयरमैन विशल शाह ने बताया राउण्ड टेबल इण्डिया द्वारा पूरे देश में विद्यालयों में प्रतिदिन औसतन एक क्लासरूम का निर्माण कर रहा है ताकि कोई भी बालक न शिक्षा से दूर रहे और न उसे जमीन पर बैठ कर अध्ययन करना पड़ें।

# हर्षोल्लास और राष्ट्रभक्ति के रंगों में रंगा 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह, जिलेभर में आज़ादी के अमर पर्व की गूंज




बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अमृतोत्सव की अनुगूंज और राष्ट्रप्रेम की प्रखर भावधारा के मध्य जिले में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह गरिमा, उल्लास और सांस्कृतिक भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। शुक्रवार को राजकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री एवं वित्त, पर्यटन, सार्वजनिक निर्माण, कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व, महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता विभाग मंत्री राजस्थान सरकार दिया कुमारी ने ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात मार्च पास्ट की सलामी ली तथा परेड का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विधायक कोटपूतली हंसराज पटेल, नगर परिषद सभापति पुष्पा सैनी, जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी, जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार विश्नोई, अधीक्षक भू- वैज्ञानिक संजय गोस्वामी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, एसडीएम बृजेश चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, तहसीलदार रामधन गुर्जर एवं आयुक्त नगर परिषद धर्मपाल जाट सहित जिले के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय समारोह एलबीएस कॉलेज में हुआ आयोजित

### लोकतंत्र प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से होगा मजबूत - दिया कुमारी (कलर बोक्स

उप मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले स्वतंत्रता सेनानियों एवं वीरांगनाओं को नमन करते हुए कहा कि यह दिन शहीदों के सम्मान का परिचायक है,प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 का लक्ष्य रखकर आत्मनिर्भर भारत सशक्त भारत की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय को अंत्योदय के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। आज दुनिया की नजरे भारत की ओर है, भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। ऑपरेशन सिंदूर हमारी पहचान और स्वाभिमान बना, राष्ट्र की अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण था कि हम अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए दुनिया के किसी भी कोने में जाने को तैयार है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर तिरंगा से जन-जन में देशभक्ति की भावना का संचार हुआ, विभाजन विभीषण स्मृति दिवस के माध्यम से बंटवारे की पीड़ा को सहन करने वालों को श्रद्धांजलि दी गई . केंद्र सरकार द्वारा महिला, युवा, श्रमिक, किसान, भूतपूर्व सैनिको, खिलाड़ियों, उद्योगपतियों, व्यापारियों, दिव्यांगजनों का ध्यान रखते हुए कार्ययोजना बनाकर उसे धरातल पर लागू किया जा रहा है।

### टुकड़ियों ने किया मार्च पास्ट

समारोह में परेड कमांडर एवं निरीक्षक पुलिस सीमा सीनसीनवार के नेतृत्व में मार्च पास्ट में प्लाटून कमांडर शिंभू दयाल मीणा ने राजस्थान पुलिस (द्वितीय) , प्लाटून कमांडर बाबूलाल मीणा ने 14वीं आरएसी बटालियन खनन विभाग (प्रथम), प्लाटून कमांडर पुखराज मीणा ने आरपीटीसी किशनगढ़ एवं प्लाटून कमांडर सुनील यादव ने 7वीं आरएसी भरतपुर, सीनियर अंडर ऑफिसर तनु ज्योतिषी ने एनसीसी एलबीएस कॉलेज, अंडर ऑफिसर नीतू यादव ने शिव सरस्वती अमार्ड विंग (तृतीय), जूनियर अंडर ऑफिसर गोविंद शर्मा शिव सरस्वती नेवल विंग एवं जूनियर अंडर ऑफिसर इशीका ने सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय परेड का नेतृत्व किया।

## ब्यावर जिला न्यायालय में पहली बार स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिले के गठन के बाद पहली बार जिला न्यायालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### ध्वजारोहण एवं सम्मान

जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को नमन किया। समारोह का संचालन एसीजेएम कोमल मोटियार ने किया। छावनी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया और उन्हें स्कूल बैग व लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। न्यायालय परिसर में महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### जिला न्यायाधीश का संदेश

अपने उद्बोधन में श्री गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता हमारे पूर्वजों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है, जिसे हमें सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्यावर को अपराध मुक्त बनाना प्रशासन और न्यायपालिका की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कानून का पालन करने वालों की रक्षा और उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई न्यायपालिका का कर्तव्य है। अधिवक्ताओं से अपेक्षा की गई कि वे न्याय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करें।

### बार एसोसिएशन की शुभकामनाएँ

जिला बार एसोसिएशन ब्यावर के अध्यक्ष दिलीप सिंह गोरा और सचिव नरेन्द्र शर्मा ने सभी न्यायिक अधिकारीगण, अधिवक्ताओं व कर्मचारियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने जिला न्यायाधीश के नेतृत्व में आयोजित इस प्रेरणादायी कार्यक्रम के लिए आभार व्यक्त किया। जांगिड, लाकेन्द्र सिंह सहित अन्य अधिवक्ता एवं न्यायिक अधिकारीगण मौजूद रहे।



## राजकीय विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस का हुआ भव्य एवम् अनूठा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय जयचंद का बास एवम् रातल्या जिला-जयपुर में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में भव्य झण्डारोहण समारोह आयोजित हुआ। उपरोक्त कार्यक्रम में सोने पे सुहागा यह रहा कि दोनों विद्यालयों के सभी जरूरतमंद परिवारों के विद्यार्थियों को लेखन एवम् पाठ्य सामग्री का नि:शुल्क वितरण मिलन पावर एवम् इलेक्ट्रिक ग्रुप के सौजन्य सें किया गया। सभी महानुभावों द्वारा उपरोक्त जनकल्याणकारी प्रकल्प की भुरि भूरि प्रशंसा की गई।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री अशोक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि संजीव गुप्ता, अखिल अग्रवाल एवम् सत्य नारायण गुप्ता रहे। उपरोक्त कार्यक्रम के संयोजक रामावतार माहेश्वरी एवम् हरिमोहन स्वर्णकार रहे।



## प्रताप नगर में विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** प्रताप नगर स्थित सामुदायिक केंद्र संगम भवन, सेक्टर-26 में विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, जयपुर की ओर से 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार भूटेरी 'विजयवर्गीय' ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। विशेष अतिथि के रूप में दयाल दुब्बी, नंदकिशोर बसवा, सुशील कुमार सिकंदर, हरिराम केकड़ी, श्यामलाल टहल, डॉ. चांदमल, रामलाल भेरसता, लोकेश अलवर, महेश कुमार कोनावर, आनंद केकड़ी, मुरारी लाल दुब्बी, उमाकांत खेड़ा कल्याणपुर, देवेंद्र बांदीकुई, बनवारी लाल विजय (मीडिया प्रभारी), विष्णु कुमार, सेवासार, हरिसिंह, नरेंद्र गुप्ता, सत्यनारायण तथा ओमप्रकाश विजय सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार मूर्तियां ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए समाज को एकजुटता एवं राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया। अंत में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी उपस्थित लोगों में लड्डू वितरित किए गए।

## रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी द्वारा ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया







बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी सेक्टर-23, प्रताप नगर जयपुर द्वारा 233 वाले पार्क में 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रावणी देवी एवं समाजसेवी सुल्ताना चौधरी, तथा सोसायटी के अध्यक्ष सूरज प्रकाश चौहान ने ध्वजारोहण किया। सुल्ताना चौधरी ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रप्रेम को सर्वोपरि मानते हुए देशभक्ति के अलख जगाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार देश प्रेम जरूरी है, उसी प्रकार पर्यावरण संरक्षण भी अनिवार्य है। अध्यक्ष ने सभी को वृक्षारोपण करने और अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पदमचंद जैन, संयुक्त सचिव शैलेन्द्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष पीके गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक हेमंत कुमार अग्रवाल, मीडिया प्रभारी बनवारी लाल विषय, सीमा चतुर्वेदी, बनवारी लाल विषय, सहित सोसायटी के अनेक सदस्य मौजूद रहे। सेक्टर-23 के सभी सदस्यों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

## आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय मऊपूरा द्वारा संचालित



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** वाल्मीकि सरस्वती संस्कार केन्द्र पर श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। श्री मति रेखा गोरे व सुश्री शिवानी द्वारा मां सरस्वती व कृष्ण भगवान के समक्ष द्वीप प्रज्वलित किया गया।केन्द्र संचालिका सुश्री मनीषा गोसर ने सभी भैया बहिनों को जन्माष्टमी के बारे में बताया तथा कृष्ण की कहानी सुनाई । केन्द्र पर राधा कृष्ण बनो प्रतियोगिता रखी गई। बहिन वर्षा ,सपना ,भूमिका, नंदनी ,मानवी ,दीक्षा ,मयूर, हितांश, देवर्ष, सनी , चित्रांशी, सृष्टि , नव्या, डिंपल, नन्नू आदि भैया बहिनों ने कृष्ण के भजनों पर प्रस्तुति दी । सभी अभिभावक व भैया बहिनों ने जन्माष्टमी के कार्यक्रम में बहुत ही आनंद लिया। कार्यक्रम में महिला सदस्य श्री मति कविता बारेशा , श्री मति रेखा, श्री मति अनोखी बाई, श्री मान ओम जी , श्री मान राम लाल जी, श्री मान मनोज कुमार सरसिया आदि मौजूद रहे। सभी भैया बहिनों को प्रसाद दिया गया व शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम पूर्ण किया।

# 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

## छात्र-छात्राओं एवं नन्हे बाल कलाकारों ने बिखेरे देशभक्ति के रंग

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राष्ट्रीय पर्व 79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृति संध्या में जिले के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किये गये देशभक्तिपूर्ण रंगारंग कार्यक्रम में मंच पर सतरंगी संस्कृति साकार हो उठी। एक से बढ़कर एक देशभक्तिपूर्ण कार्यक्रमों की प्रस्तुति से गुरुवार को राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय तालियों की गडगडाहट से गुंजायमान रहा।

जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी एवं अन्य अतिथिगण द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया गया।




### विद्यार्थियों ने बिखेरे देशभक्ति के रंग

सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के द्वारा देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता गीतों की प्रस्तुति दी गई जिनमें द सांता किड्स द्वारा ना झुकेगा देश अपना, ग्रीन वेली सीनियर सैकंडरी द्वारा इनक्रेडिबल इंडिया मेशप, द राजस्थान स्कूल द्वारा है तिरंगा शान अपनी, हंस इंटरनेशनल स्कूल द्वारा नारी शक्ति महाभारत, आरसीआई स्कूल द्वारा मां से माटी से माथा, शिव सरस्वती सी. सै. स्कूल द्वारा आरंभ है प्रचण्ड, भारती पब्लिक स्कूल द्वारा पधारो म्हारे देश एवं गर्ल्स सी. सै. स्कूल द्वारा रून झून बाजे घूघरा पर देशभक्ति व संस्कृति की झलक बिखेरती हुई मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिला कलेक्टर ने विद्यार्थियों व नन्हे बाल कलाकारों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनकी हौसला अफजाई की व प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न प्रदान किए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण, उपखंड अधिकारी कोटपूतली बृजेश कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी राम सिंह यादव सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं राजकीय सरदार विद्यालय की प्राचार्या, विद्यालय स्टाफ, प्रतिभागी व विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे. मंच संचालन स्वास्थ्य नोडल अधिकारी रविकांत जांगिड़ एवं अध्यापिका कन्या गौड़ ने किया।

## रामाज पैलेस पर स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण और बाइक राइडर्स की रोमांचक मौजूदगी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई, ( का.स. )।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर रामाज रिसोर्ट में एक भव्य और प्रेरणादायक ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर रिसोर्ट के संस्थापक और मालिक रामावतार टेलर ने गर्व के साथ राष्ट्रीय ध्वज को फहराया और सभी उपस्थित लोगों को एकता और देशभक्ति की भावना से भर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीतों की गूंज और देशभक्ति के नारों ने माहौल को और भी खास बना दिया।

इस आयोजन को और भी रोमांचक बनाने के लिए बाइक राइडर्स ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। उनके हैरतअंगेज बाइक स्टंट और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

रामाज रिसोर्ट, जो अपनी शानदार सुविधाओं, मनमोहक माहौल और उत्कृष्ट आतिथ्य सेवा के लिए प्रसिद्ध है, ने इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित कर सभी मेहमानों का दिल जीत लिया। रिसोर्ट में बच्चों और युवाओं के लिए खास तौर पर मिठाई और नाश्ते की व्यवस्था की गई, जिससे इस दिन का आनंद सभी ने मिलकर लिया।

हर साल 15 अगस्त को हम आजादी का जश्न मनाते हैं। इस दिन स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पूरे देश में बड़े उत्साह और गर्व के साथ आजादी का जश्न मनाया जाता है।

रामावतार टेलर ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, स्वतंत्रता दिवस केवल एक उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे देश की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं, समानता, और भाईचारे का प्रतीक है। रामाज रिसोर्ट पर इस खास दिन को मनाना हमारे लिए केवल गर्व की बात नहीं, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है कि हम देशभक्ति और एकता का संदेश फैलाएं।गणतंत्र दिवस के इस प्रेरणादायक



आयोजन ने न केवल देशभक्ति का संदेश फैलाया बल्कि सभी उपस्थित लोगों के दिलों में इस दिन को यादगार बना दिया। रामाज रिसोर्ट ने साबित कर दिया कि यह सिर्फ एक रिसोर्ट नहीं, बल्कि संस्कृति, परंपरा, और आधुनिकता का संगम है।

## सम्पादकीय

# आखिरकार जाग उठा भारत, स्वदेशी से ही स्वराज सही अर्थों में स्थापित होगा

स्वतंत्र देश की बागडोर जिन हाथों में सौंपी गई, उनमें जनता ने भलीभांति एक लंबे अर्से तक अविचल निष्ठा के साथ अपना असंदिग्ध भरोसा जताया था। बीता समय साक्षी है कि उनका सोच, योजना और योजना के कार्यान्वयन की राह स्वराज और स्वदेशी के भारतीय सपनों से कदाचित दूर होती गई।

पराधीन रहते हुए भारत ने लगभग आठ सौ वर्ष की लंबी अवधि तक अनेकानेक कष्ट सहे और यातनाएं झेलीं। भारत की पहचान बदलने के लिए न सिर्फ नाम ही बदला गया, पहले हिंदुस्थान फिर इंडिया, बल्कि उसके मानस, संस्थाओं और संस्कार सबको नए सांचे में ढालते रहने की कोशिश जारी रही। तरह-तरह के शोषण द्वारा विदेशी आक्रांताओं ने भारत को विपन्न बनाने की लगातार कोशिश की। अंग्रेजों ने उपनिवेश बनाकर हद ही कर दी। उन्होंने भारत का भरपूर दोहन किया और शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने ही देश में खुद को अस्वीकृत और हाशिए पर भेज कर अप्रासंगिक बनाए जाने की असह्य पीड़ा ने भारतीयों को स्वाधीनता संग्राम के लिए तैयार किया। यह भारत की अदम्य जिजीविषा ही थी जो जननी और जन्मभूमि से जुड़ाव के साथ लगभग सात हजार वर्षों से भारत की सभ्यता को निरंतर प्रवहमान किए हुए थी। इसी क्रम में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भारतीयों में अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त होकर देश में स्वराज्य स्थापित करने की तीव्र अभिलाषा जगी।

इस दौर में वैश्विक राजनीतिक परिस्थितियों ने भी साथ दिया। कई तरह के राजनीतिक उतार-चढ़ाव के बीच चले संघर्ष के फलस्वरूप देश को 1947 में अंग्रेजों से राजनीतिक स्वतंत्रता मिली। स्वतंत्रता की प्राप्ति राष्ट्रीय जीवन में एक प्रस्थान बिंदु होना चाहिए था, जहां से स्वदेशी कल्पनाओं वाली संकल्पना वाले भारत का सृजन शुरू होता, पर नियति ऐसी कि स्वतंत्रता भारत को खंडित करके दी गई। विभाजन एक भीषण हिंसक मानवीय त्रासदी बन गया, जिसके प्रत्यक्ष और परोक्ष परिणाम दूरगामी प्रभाव वाले साबित हुए।

हम सर्वोदय के लक्ष्य के ज्यादा करीब नहीं पहुंच सके। कुछ बदलाव जरूर आए और उनके कुछ अच्छे परिणाम भी हुए, परंतु आत्मनिर्भरता, उन्नति और एकजुट होकर देश के कल्याण की कोशिश मद्धम पड़ गई। उसकी जगह विश्वयारी की बतकही में शामिल होते हुए समग्र भारत की प्रगति का प्रश्न दृष्टि से ओझल होता गया। गरीबी, अस्वास्थ्य, अशिक्षा दूर करने में अधिक प्रगति न हो सकी और सामाजिक मूल्यों का क्षरण बढ़ता गया। आत्मलीन और संकुचित दृष्टि ऐसी पसरी कि देश के युवा प्रधानमंत्री रहे राजीव गांधी को स्वीकार करना पड़ा कि सौ पैसे में से पंद्रह पैसे ही अपने लक्ष्य तक पहुंच कर वास्तविक हितग्राही को मिल पाता है। शेष को बिचौलिये ही डकार जाते हैं। स्थिति यह हो गई कि सरकार को सोना गिरवी रखना पड़ा। इसके बाद आर्थिक सुधारों का दौर शुरू हुआ। साथ ही घोटालों और भ्रष्टाचार के मामले भी बढ़े। इस जटिल पृष्ठभूमि में हुए 2014 के लोकसभा के चुनाव बड़े निर्णायक साबित हुए। जनता परिवर्तन चाहती थी और स्पष्ट बहुमत से भाजपा को शासन की जिम्मेदारी सौंपी। तब से लगातार आधार-संरचना, उत्पादन, निवेश और निर्यात आदि विभिन्न मोर्चों पर कमर कसी गई। तकनीकी प्रगति पर जोर दिया गया। योजनाओं का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का प्रयास तेज किया गया। भ्रष्टाचार पर लगाम कसी गई।

शिक्षा, कानून आदि के क्षेत्रों में कुछ जमीनी सुधार भी शुरू हुए। बाद के दो चुनावों में भी भाजपा सरकार बनाने में सफल हुई, यद्यपि पिछले चुनाव में समर्थन कुछ कम मिला।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 17 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1659–दारा शिकोह को औरंगजेब द्वारा फाँसी दी गयी।
- 1682–विलियम पेन इंग्लैंड से रवाना हुए और बाद में उन्होंने अमेरिका में पेनसिल्वेनिया कॉलोनी की स्थापना की।
- 1780–जनरल बेनेडिक्ट अर्नोल्ड ने वेस्ट प्वाइंट फोर्ट में ब्रिटिश सेना के सामने आत्मसमर्पण करने का वादा किया।
- 1806–न्यूयॉर्क शहर का दूसरा दैनिक समाचार पत्र 'डेली एडवर्टाइजर' आखिरी बार प्रकाशित किया गया।
- 1928–द इंडिपेंडेंस ऑफ़ इंडिया लीग की भारत में स्थापना।
- 1947–भारतीय संविधान का प्रारूप तैयार करने के लिए डॉ भीमराव आम्बेडकर के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया गया।
- 1951–फिलीपींस और अमेरिका ने एक रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1991–अजरबैजान ने सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- 1999–पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता के लिए जनमत संग्रह सम्पन्न।
- 1999–पूर्वी तिमोर के निवासियों ने इंडोनेशिया से आजादी के लिए भारी मतदान किया।
- 2002–ताइवान में भूकम्प के झटके महसूस किये गए।
- 2002–कोनोको इंक और फिलिप्स पेट्रोलियम ने विलय कर कोनोकोफिलिप्स बनायी।
- यह अमेरिका की तीसरी सबसे बड़ी एकीकृत ऊर्जा कंपनी और दूसरी सबसे बड़ी रिफाइनिंग कंपनी थी।
- 2003– रूसी पनडुब्बी बेरेंट्स सागर में डूबी, नौ मरे, आस्ट्रेलिया ने विश्व नौकायन में स्वर्ण पदक जीता।
- समाजवादी पार्टी के नेता मुलायम सिंह यादव तीसरी बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।
- 2007–जर्मनी के दो वैज्ञानिक गुंटर निमित्ज और आल्फ़ोंस स्टालहोफ़ेन ने अल्बर्ट आइंसटीन के सापेक्षता के सिद्धान्त को ग़लत ठहराने का दावा किया। नेपाल की कोईराला सरकार ने चार माओवादी विद्रोहियों को फ़्रांस, डेनमार्क, आस्ट्रेलिया और मलेशिया का राजदूत नियुक्त किया। बांग्लादेश सरकार ने नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद युनुस के सम्मान में डाक टिकट जारी किया।

### 30 अगस्त को जन्मे व्यक्ति

- 2001–जैस्मिन लंबोरिया–भारत की महिला मुक्केबाज़ हैं।
- 1954–रवि शंकर प्रसाद–एक वकील और राजनीतिज्ञ हैं।
- 1918–बिनायक आचार्य–ओडिशा के 9वें मुख्यमंत्री रहे थे।
- 1912–नैंसी वेक–दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान प्रसिद्ध महिला लड़ाकों में से एक थीं।
- 1903–भगवतीचरण वर्मा, हिन्दी जगत् के प्रमुख साहित्यकार।
- 1900–बीर भान भाटिया–भारतीय चिकित्सक थे।
- 1895–सरदार हुकम सिंह, भारतीय राजनीतिज्ञ और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष
- 1888–कनाईलाल दत्त–भारत की आज़ादी के लिए फाँसी के फंदे पर झूलने वाले अमर शहीदों में से एक।

# क्या भाई-भाई का दौर पुनः आयेगा ...?

## भाई भाई का रिश्ता कायम होगा या फिर पहले की तरह राग अलापा जायेगा...

विवेक वैष्णव

### भारत, चीन व रूस का भाईचारा दुनिया बदल सकता है

अमेरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी से दुनिया का लगभग प्रत्येक देश तनावग्रस्त है। वही दूसरी तरफ नजर डाले तो चीन, भारत व रूस की जनसंख्या मिला दी जाए तो आधी दुनिया इनमें समाई हुई है। एशिया में दबदबे के लिए अमेरीका नही चाहता है कि रूस व भारत के बीच अच्छे सम्बन्ध रहे। वही दूसरी तरफ चीन और रूस की दोस्ती की काट के रूप में अमेरीका पाकिस्तान को बढ़ावा दे रहा है। अमेरीका को भारत और रूस की दोस्ती भी कभी रास नही आई है। भारत और रूस के बीच रक्षा सहयोग रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रहे है। हथियारों की खरीद बिक्री से लेकर रणनीकि साझेदारी व तकनीकी सहयोग आज तक कायम है। भारतीय आजादी के बाद भाईचारे का नारा पूरी दुनिया में खूब प्रचलित रहा था। फिर चाहे 1950 से 1980 के दशक तक का हिन्दी – रूसी भाई भाई का नारा हो या फिर 1954 से 1962 के बीच का हिन्दी – चीनी भाई भाई का नारा। इसी तरह की भावना तत्कालीन सोवियत संघ में रूसी चीनी भाई भाई के रूप में देखी गई थी जो कि सोवियत संघ के विभाजन के साथ ही समाप्त हो गई थी। हिन्दी चीनी भाई भाई का राजनीतिक नारा भी 1962 के भारत चीन युद्ध के साथ समाप्त हो गया था। 26 नवम्बर 1955 में निकिता ख्रुश्चेव ने बैंग्लोर बैठक में हिन्दी रूसी भाई भाई का नारा दिया था।

डोनाल्ड ट्रम्प ने ब्रिक्स देशों पर रूस से तेल खरीदने के लिए निशाना साधा है और भारत पर बिना डील के 50 प्रतिशत टैरिफ तथा जुर्माना लगा दिया है। भारत और चीन दोनो ही ब्रिक्स देशों के सदस्य है। ट्रम्प की पॉलिसी ने भारत व चीन दोनों ही देशों के लिए मुसीबत पैदा की है। चीन के भारी टैरिफ से बचने के लिए ट्रम्प चीन के साथ बातचीत को मजबूर है। वही दूसरी ओर पाकिस्तान को लेकर ट्रम्प के प्रेम आलाप से भी भारत को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

भारत और चीन के बीच बढ़ती नजदीकता दोनों ही देशों के लिए फायदेमंद है। इससे एक तरफ इंडिया को अमेरीकी दबाव का सामना करने में मदद मिलेगी वही दूसरी ओर चीन के साथ सीमा विवाद तथा तनाव भी कम होगा। चीन के सरकारी मीडिया ने भी रूस से तेल की खरीद जारी रखने के लिए भारत की तारिफ की है। अमेरीका की किसी भी चाल का मुकाबला चीन से नजदीकी बढ़ाकर ही किया जा सकता है। 1954 में तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने हिन्दी चीनी भाई भाई का नारा दिया था और अब एक बार पुनः वैश्विक परिदृश्य इस नारे को बुलंद करने की आवश्यकता को महसूस कर रहा है। भारत व चीन के बीच के रिश्तों पर जमीं बर्फ भी अब समय की मांग की गर्मी को देखते हुए पिघलने लगी है। दोनो देश अब एक दूसरे के करीब आने को तैयार दिख रहे है। इस बदलाव का सिर्फ और सिर्फ एक ही कारण है और वह है ट्रम्प का टैरिफ। भारत ने चीन के नागरिकों को टूरिस्ट वीजा इश्यू करना भी प्रारंभ कर दिया है। इसी महिने के आखिर में होने वाली षंघाई को-ऑपरेशन आर्गेनाईजेशन (एससीओ) की बैठक में हिस्सा लेने के लिए मोदी की चीन यात्रा का ऐलान भी षीघ्र होने वाला है।

वैश्विक परिदृश्य आज पुनः भाई भाई के दौर की मांग कर रहा है। अब देखना यह होगा कि वास्तविकता में भाई भाई का रिश्ता कायम होगा या फिर मौका परस्ती में पहले की तरह राग अलापा जायेगा। समय की नजाकत को देखते हुए चीन, भारत एवं रूस को एकजुटता दिखानी नितांत आवश्यकता है क्योंकि भारत, चीन व रूस का भाईचारा ही दुनिया को बदल सकता है और ट्रम्प के टैरिफ टैरर से छुटकारा दिला सकता है।

# विचार : अब हमारा लक्ष्य हो आर्थिक स्वतंत्रता, तेजी से बढ़ रही भारत की प्रगति

भारत ने स्वतंत्रता के 78 वर्षों की यात्रा में अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं। यह यात्रा केवल राजनीतिक स्वतंत्रता की ही नहीं, बल्कि आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की भी रही है। अब जब हम 2047 में विकसित भारत बनने का सपना देख रहे हैं, तब यह समझना आवश्यक है कि 'राष्ट्र प्रथम' का संकल्प ही हमें उस स्वर्णिम लक्ष्य तक पहुंचाएगा।

आने वाले 21 वर्ष हमें आर्थिक और तकनीकी महाशक्ति बनने का अवसर दे रहे हैं। भारत के विज्ञानियों, इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों ने दशकों से वैश्विक मंच पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। आज भी सफलता की गाथाएं लिखी जा रही हैं। अंतरिक्ष में चंद्रयान-3 और मंगलयान की सफलता, डिजिटल पेमेंट व्यवस्था का अभूतपूर्व विस्तार और वैक्सीन निर्माण में विश्व नेतृत्व हमारी क्षमताओं के प्रमाण हैं। आज दुनिया में वर्चस्व की लड़ाई युद्धभूमि पर नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, तकनीक और नवाचार के मोर्चे पर हो रही है। डाटा, डिजिटल नेटवर्क और उन्नत तकनीक पर नियंत्रण रखने वाले देश ही आने वाले कल की वैश्विक व्यवस्था तय करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) इस नए समीकरण का केंद्र स्तंभ है।

यह स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, परिवहन और रक्षा-हर क्षेत्र में बदलाव ला रहा है। एआइ केवल तकनीक नहीं, बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण और रणनीतिक क्षमता का आधार है। नैसकाम के अनुसार, 2025 तक एआइ और डाटा भारत की जीडीपी में लगभग 500 अरब डालर का योगदान कर सकते हैं। वर्ल्ड इकोनमिक फोरम का अनुमान है कि 2030 तक एआइ लगभग तीन करोड़ नए रोजगार पैदा कर सकता है। भारत इस क्षेत्र में पीछे रहने का जोखिम नहीं उठा सकता। एआइ आधारित विभिन्न तकनीकी अनुप्रयोगों का हर क्षेत्र में आकलन करते हुए उससे अपनी क्षमताओं और उत्पादकता को बढ़ाना जरूरी है।

एआइ की मदद से कृषि में पैदावार का पूर्वानुमान, स्वास्थ्य में त्वरित निदान, शिक्षा में व्यक्तिगत मार्गदर्शन, आपदा प्रबंधन में सटीक योजना बनाकर हम इन क्षेत्रों में उत्पादकता और रोजगार बढ़ा सकते हैं। केवल तकनीक का उपभोग करना पर्याप्त नहीं होगा।

हमें एआइ एल्गोरिदम, भाषाई माडल और हार्डवेयर समाधान भी खुद विकसित करने होंगे। यह हमारे डिजिटल स्वदेशी आंदोलन की मजबूती के लिए भी अति आवश्यक है। आज स्वदेशी का दायरा केवल कपड़ों या कृषि तक सीमित नहीं है।

# जीना तो इसी का नाम है.. प्यारे

## जीओ तो दूसरे के दिल में धड़कन बनकर जीओ खुद की धड़कन में तो जानवर भी जीते हैं और मेरी नजर में सबसे अमीर इंसान ही वही है जो दूसरों के दिल में जीता हो



अडानी अम्बानी भी पानी भरते हैं इस अमीर के आगे। ये हमारी टीम का युवा साथी विनय है, चार दिन पहले दोपहर पौने तीन बजे इसकी वाइफ ज्योति ने इसे फोन किया कि घर कब आ रहे हो? इसने बताया कि बस 15 मिनट में.. शाम को साढ़े 5 बजे मेरे पास ज्योति का फोन आया कि भैया ये आपके साथ हैं क्या? तो मैंने कहा नही. आज तो विनय आया ही नहीं,तो ज्योति ने बताया कि भैया विनय का मोबाईल पौने 3 बजे से स्विच ऑफ है, इतने लंबे समय मोबाइल बन्द नहीं रखते ये। मैंने सांत्वना दी कि कोई नहीं हो गया होगा मोबाइल ऑफ । मैं पता करता हूं गैरा जी के गया होगा,मैने गैरा जी को फोन लगाया तो उन्होंने कहा कि मेरे से तो दो दिन से कोई बात नही हुई। सुई की घड़ी धीरे-धीरे मेरे दिल की धडक़न भी बढ़ाती रही। दस मिनट बाद उसके दोस्त गौरव का फोन आया कि भैया विनय का पता करवाओ इतने टाइम मोबाईल बन्द नही रहता उसका,उसकी बहन वर्षा का पंजाब से फोन आया कि भैया मदद करो आप,कुछ देर बाद गौरव का फिर फोन आया कि भैया कल जहां विनय को काम करना है वो पार्टी भी उसे ही फोन कर रही है तो ये सुनकर तनाव और बढ़ गया। फिर क्या था इस युवा के लिए मानो सारे लोग चिंतित हो गए। मैंने भी साइबर सेल में फोन कर नम्बर दिए और जानकारी जुटाना शुरू किया। मेरे पांच मिनट में 13 लोगों के फोन आ गए,जिनका जवाब देते देते मेरा गला सूख गया। 14 वा फोन ज्योति का था जो रोते हुए बोली भैया कुछ पता चला क्या?

दोस्तों सच कहूं मैं खुद चिंतित हो गया,कंट्रोल रूम फोन कर जानकारी जुटाई की शहर में कहीं कोई एक्सीडेंट हुआ है क्या?

मानवीय प्रकृति हैं दिमाग गलत पहले सोचता है, गेरा जी ने भी अपने एक रिलेटिव से जो हॉस्पिटल में काम करता है ट्रॉमा सेंटर में पुछवा लिया कि कोई एक्सीडेंट का मामला तो नहीं आया। फिर ज्योति के फोन की घण्टी बजी,मैं सोचने लगा इस बच्ची को क्या कहूंगा? उठाया तो पता चला कि विनय घर आ गया। जान में जान आई उससे सभी खूब लड़े,उसने सफ ाई दी कि मोबाईल स्विच ऑफ हो गया पता ही नही चला और मैं काम मे अटक गया।

खैर अब बात मुद्दे की.....

दोस्तों विनय के जो भी दोस्त जिन्होंने भागदौड़ की वे सभी काम धंधे वाले हैं ,जिनको सही पूछो तो मरने की भी फुर्सत नहीं मिलती लेकिन इसके लिए सब भागते रहे,यही कमाई है दोस्तों,जो अम्बानी अडानी भी नहीं कमा सकते। दूसरों के दुख दर्द में हमेशा आगे खड़े रहने वाले इस युवा ने उस दिन मेरी आँखें भी सजल कर दी। पत्नी व माँ का भी हाल बेहाल हो रहा था। बहन सैंकड़ो किलोमीटर दूर अपने भाई की सलामती के लिए मालिक से अरदास लगा रही थी। पैसों की अमीरी कोई अमीरी थोड़ी ना है यदि ऐसी अमीरी होती तो कोरोना में मरने वाले पैसे वाले ही ज्यादा थे जो मरते ही नहीं।

अमीरी तो ये है, कि आपके छींक भी आ जाए तो आप पचास लोगों की सांसें अटका दो। जीवन व मृत्यु इंसान के हाथ मे नही दोस्तों लेकिन हम दूसरों के जीवन मे कैसे जीते हैं ये हमारे हाथ में है और अमीर वही है मित्रों जो दूसरों के दिलो में धडक़ता है।

रुपक शर्मा

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम की स्टार हैं रोटरी क्लब अलवर की प्रेसिडेंट बबीता खण्ड़ेलवाल। बेहद ऊर्जावान और समाजसेवी महिला के रूप में इन्हें जाना जाता है। उड़ीसा से 10वीं,महाराजा स्कूल जयपुर से 11वीं और 12वीं व महारानी कॉलेज जयपुर से बी.ए पूर्ण हुई। 16 फ़रवरी 1993 राजेश खंडेलवाल (निदेशक तिरुपति ज्वैलर्स) के साथ प्रणय सूत्र में बंधी। 2015 खंडेलवाल महिला मंडल की संस्थापक अध्यक्ष, 4 वर्षों तक अध्यक्ष रहीं। 2017 में कैंसर रोगियों और गरीब कन्याओं के विवाह के लिए धन जुटाने हेतु खंडेलवाल मेला आयोजित किया। खंडेलवाल महिला मंडल में वर्तमान में 135 सदस्य हैं। संस्था महिलाओं के सामाजिक उत्थान के लिए कार्य करती है। गार्गी क्लब की संस्थापक सदस्य। 2017 गार्गी क्लब की अध्यक्ष रही। 2025-26 रोटरी क्लब अलवर की अध्यक्ष।

अलवर रोटरी क्लब की पहली महिला अध्यक्ष बनने का गौरव प्राप्त हुआ इन्हे। आज पूरी रोटरी टीम इनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर सामाजिक सरोकार के कार्य करने में जुटी हुई है। हाल ही में रोटरी मेडिकल उपकरण बैंक के लिए धन जुटाने का कार्यक्रम ब्रज बाँसुरी का भव्य आयोजन किया गया जो जबरदस्त सफल रहा।

सितंबर में बाली के लिए रोटरी इंटरनेशनल फ़ेलोशिप। दो बच्चें है दोनों विवाहित हैं, सौरभ और साक्षी। एक सफल गृहिणी और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में समाज में एक बड़ी पहचान बना चुकी हैं। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

–रूपक शर्मा



बबीता खंडेलवाल
(अध्यक्ष रोटरी क्लब अलवर)

## Today
बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | 8 | | | 1 | |
| 3 | 7 | | | | 2 | | | |
| 9 | | | | | | | 2 | 8 |
| | | 9 | 6 | | | | | |
| 8 | | | 7 | 5 | 1 | | | 6 |
| | | | | | 8 | 5 | | |
| 6 | 8 | | | | | | | 9 |
| | | | 4 | | | | 6 | 2 |
| | 9 | | | 1 | | | | 7 |

### Yesturday Ans

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 7 | 1 | 4 |
| 3 | 7 | 8 | 1 | 4 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 7 | 3 | 2 | 8 |
| 7 | 5 | 9 | 6 | 3 | 4 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 7 | 3 |
| 6 | 8 | 4 | 2 | 7 | 3 | 1 | 5 | 9 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 | 4 | 3 | 7 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहा यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**वृष**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**मिथुन**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**कर्क**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**सिंह**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कन्या**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**तुला**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है। आज कोई

**धनु**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कुंभ**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। स्नेहीजनों के

**मीन**
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

# उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वां स्वतन्त्रता दिवस...

## कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने जिला स्तरीय समारोह में किया ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान





**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आजादी का 79वां पर्व स्वतन्त्रता दिवस समारोह शुक्रवार को पूर्ण गरिमा, उत्साह, उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पुलिस परेड़ मैदान में आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में कृषि एवं उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा प्रबंधन विभाग मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को सलामी दी।

स्वतन्त्रता दिवस के जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना ने राजस्थान सशस्त्र बल (आरएसी), राजस्थान पुलिस बल, राजस्थान गृह रक्षा बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर, एनसीसी जूनियर आर्मी, एनसीसी जूनियर आर्मी महिला विंग, स्कूल पुलिस कैडेट, राजस्थान राज्य भारत स्काउट्स/गाइड्स, राजस्थान राज्य भारत स्काउट/गाइड एवं हिन्दुस्तान स्काउट व गाइड्स की टुकड़ियों की परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी ली।

मुख्य अतिथि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने स्वतंत्रता सेनानियों के अदम्य साहस, बलिदान और संघर्ष को स्मरण करते हुए युवाओं से राष्ट्र निर्माण से सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने सुभाषचंद्र बोस के ऐतिहासिक नारे और झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के साहसिक प्रसंगों का उल्लेख कर प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह एकजुट होकर देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत न केवल आर्थिक शक्ति के रूप में, बल्कि एक सशक्त सैन्य शक्ति के रूप में भी विश्व पटल पर उभरा है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता है, जिसे पूरी दुनिया ने देखा, जिसके अंतर्गत अब सुरक्षा और सम्मान से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। भारत अब आतंकवाद को किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं करेगा।

अपने संबोधन में उन्होंने जिले के विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए बताया कि बीसलपुर के बाद डूंगरी गांव में प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा बांध बनने जा रहा है, जो सिंचाई, जल आपूर्ति, पर्यटन और किसानों की खुशहाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

इसके पश्चात जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. किरोड़ी लाल मीना, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने एण्डा निवासी शहीद वीरांगना धोली देवी एवं थड़ोली निवासी जानकी देवी को स्मृति चिह्न भेंट कर व शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षक कमलेश गुर्जर के नेतृत्व में 1 हजार 450 विद्यार्थियों द्वारा सामूहिक व्यायाम (पीटी) का प्रदर्शन किया गया।

### 47 प्रतिभाओं का किया सम्मान

इस दौरान ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 47 प्रतिभाओं को मुख्य अतिथि डॉ. किरोड़ी लाल मीना, जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा ने प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान और गगनभेदी देशभक्ति नारो के साथ हुआ।

इस अवसर पर जिला प्रमुख सुदामा मीना, नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया, पूर्व विधायक हंसराज शर्मा, पूर्व उप सभापति राजेश गोयल, उप वन सरंक्षक रामानंद भाकर, एसडीएम दामोदर सिंह, सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## टला बड़ा हादसाः हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन से गिरा पैसेंजर, आरपीएफ जवान बने देवदूत

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर के रेलवे स्टेशन पर एक बड़ा हादसा होने से टल गया. या यूं कहे कि जाको राखे साइयां मार सके ना कोई. ऐसा वाकया सवाई माधोपुर के रेलवे स्टेशन पर देखने को मिला। जब सवाई माधोपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन नंबर 19019 हरिद्वार एक्सप्रेस सवाई माधोपुर के प्लेटफार्म से गुजर रही थी इस दौरान ट्रेन में बैठे पैसेंजर सतीश राजदेव चलती हुई ट्रेन से गिर गए। गिरने के बाद वो प्लेटफॉर्म और ट्रेन के बीच में आ गए। इस दौरान रेलवे स्टेशन पर मौजूद थाना अधिकारी मानसिंह और स्टाफ ने उन्हें बचाया और सकुशल ट्रेन में बैठा कर रवाना किया, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। आरपीएफ थाना पुलिस ने बताया कि 15 अगस्त को सवाई माधोपुर आरपीएफ थाना अधिकारी सीआई मानसिंह, स्टाफ कांस्टेबल राजेश कुमार, प्रहलाद मीणा, अमर सिंह पवार के साथ सवाई माधोपुर के रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की चेकिंग करने के लिए प्लेटफार्म नंबर एक पर थे। इस दौरान रात 8.02 पर हरिद्वार एक्सप्रेस ट्रेन प्लेटफार्म नंबर एक पर आई, जिसके बाद ट्रेन 8 बजकर 07 बजे रवाना हुई. ऐसे में ट्रेन के रवाना होते समय एक पैसेंजर ने चलती ट्रेन ए -2 कोच के सामने से चढ़ने का प्रयास किया तो पैसेंजर ट्रेन से गिर गया। जहां ये घटना हुई वहीं आरपीएफ थाना अधिकारी और स्टाफ ड्यूटी कर रहे थे पैसेंजर के गिरने के बाद स्टाफ तत्काल दौड़ कर पहुंचा और पैसेंजर को पड़कर बाहर खींच लिया जिससे पैसेंजर की जान बचाई जा सकी।

## एक शाम तिरंगे के नाम : विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों से गूँजी देशभक्ति की स्वर लहरियाँ

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 'आजादी का अमृत महोत्सव' एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को चंदन मैरिज गार्डन, आलनपुर में एक शाम तिरंगे के नाम सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों के नन्हे-मुन्ने कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियों के माध्यम से भारत की गौरवशाली विरासत, विविधता में एकता और अदम्य राष्ट्रीय भावना का जीवंत चित्र उपस्थित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्रीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा गणेश वंदना एवं जीजीएसएसएस सिटी स्कूल के वेलकम सॉन्ग से हुआ। इसके बाद ब्लू स्टार एकेडमी अबके बरस तुझे धरती की रानी, एसवीजीएमएस खंडार सोलो शोन्ग, न्यू महर्षि विद्यालय खेरदा ऐसा देश है मेरा, विवेक विद्यालय देश रंगीलों, स्टेप बाय स्टेप इंग्लिश मीडियम स्कूल जलवा जलवा, सनशाइन एकेडमी आलनपुर भगत सिंह तथा रणथंभौर चिल्ड्रन एकेडमी के विद्यार्थियों ने धरती धोरा री गीतों पर नृत्य एवं गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजस्थानी लोकनृत्यों ने प्रदेश की स्वाभिमानी मिट्टी और वीरों की धरती का गौरव उजागर किया, वहीं समूह नृत्य और नृत्य-नाटिकाओं के माध्यम से एकता, भाईचारे और शांति का सशक्त संदेश दिया गया। उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। मंच संचालन शिक्षक जुगल किशोर शर्मा ने किया। कार्यक्रम में नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना, एडीपीसी समग्र शिक्षा दिनेश गुप्ता सहित अधिकारी, अभिभावक एवं आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दो चोरी की घटनाओ ने आम जन को डाला दहशत में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** मालपुरा में एक के एक लगातार दो चरियो की घटनाओं ने आम जन को दहशत में डाल दिया। चोरी की पहली घटना गुरूवार शुक्रवार की मध्य रात्रि के बाद व्यास सर्किल से जयपुर की ओर जाने वाले मुख्य स्टेट हाइवे पर राउमावि के सामने लगे स्टेट बैंक एटीएम की हुई। जिसमें अज्ञात चोरो ने एटीएम को ही उखाड़ ले गए। अज्ञात चोरो ने आने के बाद सबसे पहले नजदीक की दुकान पर लगे सीसीटीवी केमरे को ऊपर की ओर किया। बाद में एटीमएम के बाहर व अन्दर लगे एटीएम पर काला स्प्रे कर घटना को अंजाम दिया।

एटीएम में घटना के दौरान कुल 13 लाख रूपये की नकदी बताई जा रही है। घटना की जानकारी लगते ही एएसपी मोटाराम, वृताधिकारी आशिष प्रजापत व थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय दल के मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। एटीएम को संचालित करने वाली कम्पनी के प्रतिनिधि की ओर से दी रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया है। चोरी की दूसरी घटना शुक्रवार को दिन दहाड़े की है। इसमें आदर्श नगर कालोनी स्थित एक मकान को अज्ञात चोरो ने दिनदहाड़े निशाना बनाया। इसमें मकान मालिक विमलेश आवश्यक कार्य से बाहर गया था। पीछे से चोरो ने मकान का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर आलमारी को खोलकर इसमें रखे 5 लाख रूपये की कीमत के जेवरात सहित नकदी चुरा लग गए। गौरतलब है कि इसी मकान के दूसरे कमरे की आलमारी के लॉकर में 15 लाख रूपये के जेवरात सहित नकदी पड़ी थी। जिन पर चोरो की नजर नहीं गई। इधर मामले की जानकारी लगते ही थानाधिकारी चेनाराम बेड़ा मय दल के मौके पर पहुंच कर मौका मुआयना किया।

## आमजन को मिले डाकघर की योजनाओं का लाभ



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** सवाई माधोपुर प्रधान डाकघर प्रांगण में डाक अधीक्षक नरेश कुमार ने झंडारोहण किया! इससे पूर्व कार्यकम के मुख्य अतिथि सुरेन्द्र कुमार शर्मा का माला साफा पहनाकर स्वागत किया गया! इस मौके पर डाक अधीक्षक ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी ! साथ ही डाक विभाग में चल रही बचत खाता सुकन्या समृद्धि, डाक जीवन बीमा, आरडी खाता, एफडी खाते योजनाओं के बारे जानकारी देते बताया कि आम जन तक इन योजनाओं पहुंचे ताकि ज्यादा से ज्यादा आम जनता को इसका लाभ मिल सके! इस मौके कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें डाक कर्मचारीयो ने प्रतियोगिता, डांस, एक्टिविटी बढ़ चढ़कर भाग लिया! इस मौके पर निरीक्षक परिवाद, उपखंड डाक निरीक्षक, पोस्टमास्टर सभी डाक कर्मचारी मौजद रहे ।

## सवाई माधोपुर कलक्टर काना राम को राज्यस्तरीय सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर जोधपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिला कलक्टर सवाई माधोपुर काना राम को उनकी उत्कृष्ट प्रशासनिक क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और जनसेवा के प्रति अविचलित समर्पण के लिए योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला कलक्टर काना राम को यह सम्मान पूर्व में हनुमानगढ़ जिले में उनके द्वारा नशा मुक्ति के लिए संचालित 'मानस अभियान' में उनकी भूमिका, फसल बीमा योजना में नवाचार, कृषि महोत्सव के सफल आयोजन, टीबी मुक्त भारत अभियान आदि में उल्लेखनीय प्रगति तथा राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया है।

### मानस अभियान : नशे के विरुद्ध व्यापक मुहिम

कलक्टर काना राम के नेतृत्व में हनुमानगढ़ जिले में मानस 1.0 अभियान चलाया गया, जिसमें जागरूकता, काउंसलिंग, ई-आरोग्य पोर्टल और खेलों को बढ़ावा देने जैसी पहलें की गईं। 1.50 लाख से अधिक युवाओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई, नशा पीड़ितों के लिए काउंसलिंग व शिविर आयोजित हुए और जिले की 62 से अधिक ग्राम पंचायतों में खेल मैदान स्वीकृत किए गए। इसका परिणाम यह रहा कि नशे की चर्चा के स्थान पर नशामुक्ति जनचर्चा का प्रमुख विषय बन गई।

### फसल बीमा योजना में नवाचार -किसानों को समय पर लाभ

पूर्व में बड़ी संख्या में फसल बीमा क्लेम आपत्तियों के कारण किसानों को कठिनाई होती थी। कलक्टर काना राम ने रबी 2023-24 और खरीफ 2024 से नई व्यवस्था लागू कराई, जिसमें फसल कटाई की पूर्व सूचना, सीसीई एप पर फोटो-वीडियो अपलोडिंग और बैंक-बीमा कंपनियों के साथ नियमित बैठकें शामिल थीं। परिणामस्वरूप खरीफ 2024 में बीमा कंपनी ने एक भी आपत्ति दर्ज नहीं की और किसानों को समय पर क्लेम मिला। इस मॉडल को बाद में कृषि विभाग ने पूरे प्रदेश में लागू किया।

### कृषि महोत्सव -तकनीक और नवाचार का संगम

कलक्टर काना राम के प्रयासों से एसकेडी विश्वविद्यालय परिसर में 8 से 10 मार्च 2025 तक उत्तर भारत का सबसे बड़ा कृषि महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें 1 लाख से अधिक किसानों और 300 से ज्यादा स्टार्टअप्स ने भाग लिया।

## खेत पर जहरीला कीड़ा काटने से एक वृद्धा की हुई मौत

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थानान्तर्गत गांव पहाड़ी में खेत पर कृषि कार्य करने के दौरान अज्ञात विषैले जीव के काट लेने से 72 वर्षीय एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन खेत पर पहुंचे और उसे निवाई उप जिला अस्पताल लेकर गए। बरोनी थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह राठौड ने बताया कि गांव पहाड़ी में शुक्रवार की शाम करीब 5:30 बजे खेत में कृषि कार्य करने के दौरान एक वृद्ध महिला अचेत अवस्था में मिलने की सूचना मिली। सूचना पर एएसआई सुरेंद्र सिंह अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने बताया कि मृतका रुक्मिणी देवी गौतम पत्नी रामगोपाल गौतम की जहरीला कीड़ा काटने से मौत हो गई। मृतका के दो पुत्र हैं और दोनों ही बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। पुलिस ने बताया कि उप जिला अस्पताल में मृतका के शव को मोर्चरी में रखवाया गया। शनिवार की सुबह पुलिस ने चिकित्सकों से शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## श्याम मंदिर बना वृंदावन का प्रेम मंदिर, सजावट व दर्शनों के लिए भक्तों का उमड़ा सैलाब

### कृषि मंडी के लक्ष्मीनारायण मंदिर में सजाई गई विशेष झांकियां

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** श्री कृष्ण जन्माष्ठमी के आयोजन को लेकर शहर की इन्दिरा कॉलोनी स्थित श्याम मंदिर, कृषि उपज मंडी में स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, चारभुजानाथ मंदिर, राधा दामोदर, चिंताहरण गणेश, लक्ष्मीनाथ, दर्जियों का मंदिर, सोनियों का मंदिर व नृसिंहजी के मंदिर सहित शहर व ग्रामीण क्षेत्र के सभी मंदिरों में जोर-शोर से कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। श्याम मंदिर को वृंदावन के प्रेम मंदिर की तरह विशेष विद्युत लाईटों से सजाया गया। मुख्य सडक मार्ग पर विशाल स्वागत द्वार बनाए गए। कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव पर रात्रि भजन संध्या सहित कई अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। रवि अग्रवाल व दिलीप इसरानी ने बताया कि कृष्ण जन्माष्ठमी महोत्सव को लेकर श्याम मंदिर में दर्शनों के लिए महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बेरीकेट लगाकर व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया कि बाबा श्याम का पंचामृत से अभिषेक कर कलकत्ता से आए कलाकारों द्वारा बाबा का श्रृंगार किया गया एवं छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। उन्होंने बताया कि भगवान के जन्म के बाद मंदिर परिसर के बाहर भव्य आतिशबाजी की गई। इस दौरान भव्य लाइटिंग, सजीव झांकियां, वृन्दावन रास, आतिशबाजी, पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा सहित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिवप्रकाश पारीक, राजेन्द्र चौधरी व कपिल खण्डेवाल ने बताया कि इसी प्रकार भगवान श्री लक्ष्मीनारायण का पुष्पों से श्रृंगार कर अलौकिक झांकी सजाई गई एवं बाबा अमरनाथ की बर्फ की झांकी सजाई गई। इस अवसर पर आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकार राजू खण्डेलवाल सहित कई गायकों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। उन्होंने बताया कि जन्माष्ठमी पर्व पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा कई झांकियां सजाई गई। झांकियों को देखने के लिए पूरा शहर उमड पडा। इसी प्रकार शिवाजी कॉलोनी स्थित इच्छेश्वर महादेव मंदिर में भी मनमोहक झांकियां सजाई गई। इसी प्रकार शहर के कई गैर सरकारी विद्यालयों में भी जन्माष्टमी पर्व पर सजीव झांकियां सजाई गई। जिसमें बालक-बालिकाएं कृष्ण व राधा की वेशभूषा पहनकर कार्यक्रम में शामिल हुए।

## सेवा दिवस के रूप में मनाया 57वां जन्मोत्सव

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** भारतीय जता पार्टी ने प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का 57वां जन्म दिवस सेवा दिवस के रूप में मनाया। शनिवार को भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधि मंडल पहले सदरपुरा रोड स्थित श्री गोपाल गौशाला पहुंचा। यहां गौ माता को चारा व गुड़े खिलाया। बाद में जिला अस्पताल पहुंच कर भर्ती रोगियो को फल वितरण किए। इस दौरान भाजपा प्रदेश उद्योग प्रकोष्ठ के सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन, नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, भाजपा शहर महामंत्री सुनील सैनी बबलू, रमाकान्त पटेल, डॉ. अंकित जैन, आदित्य जैन, अतिशय जैन, सुमन आगीवाल सहित अन्य कई भाजपाई मौजुद रही। अंत में अस्पताल की रिलीफ सोसायटी के सदस्य नरेन्द्र जैन ने भाजपा शहर अध्यक्ष व पूर्व भाजपा अध्यक्ष के साथ अस्पताल की व्यवस्थाओ का जायजा लिचा।

# केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर रहकर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में की शिरकत

## केंद्रीय मंत्री ने भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर अलवर की समृद्धि की कामना की

## भगवान श्री कृष्ण जगत जगदीश्वर स्वरूपा - केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव शनिवार को संसदीय क्षेत्र अलवर के दौरे पर रहे, यहां उन्होंने श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत कर भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर अलवर की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने श्री कृष्ण मंदिर यादव समाज रामगढ में जन्माष्टमी दही हांडी कार्यक्रम में भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना कर अलवर की सुख-समृद्धि के लिए कामना की तथा भामाशाहों को सम्मानित किया। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री यादव ने राजगढ की ग्राम पंचायत भूलेरी स्थित अलेवा धाम में विशाल हरिकीर्तन दंगल व मेला कार्यक्रम सम्मिलित होकर धार्मिक कथाओं को सुना। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने अलवर में पुलिस लाइन रोड स्थित श्री राधा-कृष्ण मंदिर धर्मशाला में श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव कलश यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

केंद्रीय वन मंत्री श्री भूपेंद्र यादव ने कार्यक्रमों में उपस्थित आमजन को संबोधित करते हुए श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण भगवान ने जन्म के साथ ही आसुरी शक्तियों का नाश करने का काम किया, आज के दिन विश्व भर में श्री कृष्ण जी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण ने नीति, कौशल एवं स्थापत्य से द्वारकाधीश बनकर बड़ी नगरी बसाई तथा मनुष्य जाति के कल्याण के लिए कुरुक्षेत्र के रण में श्रीमद् भागवत गीता का उपदेश दिया। उन्होंने संकीर्तन पर बल देते हुए कहा कि ईश्वर को प्राप्त करना हम सभी का ध्येय है। उन्होंने श्री कृष्ण को जगत जगदीश्वर स्वरूप



बताते हुए कलयुग में कृष्ण भाव व संकीर्तन को बडा बताया। उन्होंने लोक देवता महाराज भर्तृहरि की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि उनके नाम से खैरथल-तिजारा जिले का नाम भर्तृहरि नगर दिया। उन्होंने अलेवा धाम में ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन जगत कल्याण के लिए था, उनके जीवन से हम सभी के लिए संदेश निहित है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है यहां धाम के विकास हेतु कार्य करवाये जाएगें। कार्यक्रमों में जिला प्रमुख बलवीर छिल्लर, रामगढ़ विधायक श्री सुखवंत सिंह, बांदीकुई विधायक भागचंद टांकड़ा, जिलाध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता व श्री महासिंह चौधरी, पूर्व विधायक जयराम जाटव, श्री बन्ना राम मीणा, श्री मोहित यादव, इंद्र यादव, सतपाल यादव, श्री सतीश यादव, श्री बस्तीराम यादव,लक्ष्मी नारायण गुप्ता, श्री ऋषि राज शर्मा, श्री महेश निहलवानी सहित भामाशाह, प्रबुद्धजन एवं नागरिकगण मौजूद रहे।

लायंस क्लब किंग्स का पाँचवाँ शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## पीड़ित मानवता की सेवा ही सफल जीवन का आधार है - सुनील अरोड़ा



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स का पाँचवाँ शपथ ग्रहण समारोह रिसोर्ट हरिमहल पैलेस में धूमधाम से आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स ने कम समय में ही पूरे प्रांत में पहचान बनाई है। पीड़ित मानवता, जीव-जंतुओं व पशु-पक्षियों की सेवा ही सफल जीवन का आधार है।

समारोह में मुख्य शपथ अधिकारी पीएमजेएफ लायन अशोक ठाकुर ने अध्यक्ष एमजेएफ दिनेश अग्रवाल, सचिव राहुल यादव, कोषाध्यक्ष प्रवीण सैनी सहित सभी बीओडी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने कहा कि इस पद तक पहुँचने में क्लब के सभी सदस्यों का बड़ा योगदान है।

प्रांतपाल द्वितीय लायन राजेंद्र मदान ने सात नए सदस्यों को शपथ दिलाते हुए सभी क्लबों को साथ लेकर चलने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि रीजन चेयरपर्सन लायन ओमप्रकाश खंडेलवाल ने कहा कि प्रोटोकॉल व मैनेजमेंट के लिए लायंस क्लब बहरोड़ किंग्स उदाहरण है।

मुख्य वक्ता स्वामी गणेशानंद महाराज ने भाईचारे और समाज को सही दिशा देने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम का सफल संचालन एमजेएफ प्रमोद अग्रवाल ने किया। इस दौरान लायन सदस्यों व लायन लेडी सदस्यों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। बाहर से पधारे लायंस क्लबों के पदाधिकारियों, भामाशाहों, प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व समाजसेवियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में लायंस क्लब भिवाड़ी, खैरथल, अलवर, रॉयल व लियो क्लब बहरोड़ सहित विभिन्न क्लबों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में संयोजक कवित गुप्ता व सहसंयोजक उमेश यादव, प्रदीप यादव और प्रोटोकॉल ऑफिसर बुध सिंह यादव ने सभी जिम्मेदारियाँ सफलतापूर्वक निभाईं।

## जन्माष्टमी पर यादव समाज का प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** श्रीकृष्ण छात्रावास में जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज का प्रतिभा व भामाशाह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहरोड़ विधायक डॉ. जसवंत यादव रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. जसवंत यादव ने कहा कि राजनीति में यादव समाज अपेक्षाकृत कमजोर है, इसलिए समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। बच्चे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर आगे बढ़ें और समाज का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में यादव महासभा के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र यादव, पूर्व विधायक महिपाल यादव, भिवाड़ी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिनेश यादव, प्रधान सुमन यादव और एडवोकेट भरत यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर यादव समाज अध्यक्ष सुभाष यादव बुराला ने सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में भामाशाहों एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को माला-साफा पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। भामाशाहों ने श्रीकृष्ण छात्रावास में कमरे बनवाने की घोषणा भी की। समारोह में समाज के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## महाराणा प्रताप क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र अनंतपुरा में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, अनंतपुरा स्थित महाराणा प्रताप क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह 8 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य, उप महानिरीक्षक आनंद सक्सेना ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के बाद परेड का निरीक्षण किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में सभी से देश के विकास में योगदान देने का आह्वान करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने केंद्र में आयोजित स्वच्छ भारत अभियान, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, घर-घर तिरंगा अभियान जैसे कार्यक्रमों




की सफलता के लिए सभी का आभार जताया। साथ ही कहा कि प्रशिक्षणार्थी यहाँ शारीरिक व मानसिक दृढ़ता के साथ राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना भी विकसित कर रहे हैं। प्रशिक्षण के अलावा केंद्र के जवान आस-पास के गाँवों में नशा मुक्ति अभियान, पौधारोपण व स्वच्छता अभियान जैसे कई जागरूकता कार्यक्रम भी चला रहे हैं। पौधारोपण अभियान के तहत अब तक हजारों पौधे लगाए जा चुके हैं। इस अवसर पर जवानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कमांडेंट, उप प्राचार्य कोडा राजू सहित प्रशिक्षण केंद्र के अधिकारी, जवान, प्रशिक्षणार्थी, स्कूली बच्चे व उनके परिजन मौजूद रहे। अंत में सभी को मिठाइयाँ वितरित की गईं।

## शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण, परिजनों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पंचायत समिति क्षेत्र के दुब्बी गांव में शहीद राकेश कुमार मीना स्मारक पर ध्वजारोहण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना ने शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण किया।

इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीना, उपखंड अधिकारी सीमा मीना एवं थानाधिकारी राजेश कुमार मीना ने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

राम जन सेवा टीम संस्थान के अध्यक्ष रामसिंह बड़ला (अवर सचिव, भारत सरकार) के नेतृत्व में टीम ने शहीद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और शहीद के परिजनों को सम्मानित किया। टीम सदस्यों ने कहा कि शहीद का बलिदान देश हमेशा याद रखेगा।

कार्यक्रम में टीम सदस्य प्रभु दयाल मीना, हंसराज मीना, हजारीलाल मीना, संतोष कुण्डारिया, दिनेश सैनी, बोलने पटेल, कैलाश पटेल, किशोर मीना, हरदीप कुमार मीना, राकेश मीना, छोटेलाल मीना, आर्यन मीना, हार्दिक मीना, धारासिंह फौजी, सुरेश मीना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। यह जानकारी राम जन सेवा टीम के सदस्य तारेश मीना ने दी।

## अलवर के डॉ. आलोक शर्मा को राज्य स्तर पर मिला सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** राजकीय सेटेलाइट चिकित्सालय काला कुआं में कार्यरत वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ)डॉ.आलोक शर्मा को राज्य स्तर पर आयोजित समारोह में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें जयपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदान किया गया। डॉ.शर्मा को यह सम्मान क्षेत्र की जनता को समर्पित भाव से उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने और अपने कार्यक्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया। गौरतलब है कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रतिवर्ष खंड एवं जिला स्तर पर उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले चुनिंदा चिकित्सा कर्मियों को सम्मानित करता है। इस उपलब्धि से अलवर जिले का नाम पूरे प्रदेश में रोशन हुआ है। जिले के चिकित्सा समुदाय और नागरिकों ने डॉ.शर्मा को बधाई देते हुए गर्व महसूस किया। जयपुर में आयोजित समारोह में राज्य स्तरीय सम्मान ग्रहण करने के बाद वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आलोक शर्मा ने कहा कि ये मेरे लिए गौरव का विषय है कि ईश्वर ने मुझे जनमानस की सेवा करने का मौका दिया है।

## डॉ. विजय मंडोवरा राज्य स्तर पर सम्मानित

स्टाफ ने खुशी जताई, शासन का आभार व्यक्त किया

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** नव क्रमोन्नत बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय बहरोड़ के वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय मंडोवरा को राज्य सरकार की ओर से राज्य स्तरीय उत्कृष्ट सेवा सम्मान प्रदान किया गया है। यह सम्मान उन्हें 15 अगस्त को पशुपालन विभाग निदेशालय में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में शासन सचिव डॉ. समित शर्मा (आईएएस) एवं निदेशक डॉ. आनंद सेजरा द्वारा प्रशस्ति पत्र और तिरंगा झंडा भेंट कर दिया गया।

डॉ. मंडोवरा को यह सम्मान चिकित्सालय में उत्कृष्ट सेवा देने, स्वयं संसाधन जुटाकर संस्थान को स्पेशलिटी क्लीनिक के रूप में विकसित करने के लिए दिया गया। सम्मान मिलने पर उन्होंने कहा कि उनके कार्यों को राज्य स्तर पर पहचान मिलना गर्व का विषय है और यह उन्हें और अधिक ऊर्जा के साथ सेवा कार्यों में जुटने के लिए प्रेरित करेगा।

इस अवसर पर चिकित्सालय के स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त की और डॉ. मंडोवरा को हार्दिक बधाई दी।

## धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, मेधावी विद्यार्थियों व भामाशाहों का सम्मान





बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** ग्राम बाबरिया स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय के बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर ग्रामीणों ने स्टाफ और विद्यार्थियों की सराहना की। इस अवसर पर 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 14 विद्यार्थियों और 4 विषय अध्यापकों को शिक्षक रामसिंह ने 1100-1100 रुपये नगद देकर सम्मानित किया। वहीं संस्था प्रधान अशोक कुमार आर्य ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली दो छात्राओं को 5100-5100 रुपये सम्मान स्वरूप भेंट किए।

कार्यक्रम में विद्यालय को भूमि दान करने वाले दानवीर नाथूराम यादव और प्रेरक प्रधानाचार्य अशोक कुमार आर्य का भी माला व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही मुगलपुर के भामाशाह देशराज व सतीश अवाना ने विद्यालय को एक वाटर कूलर भेंट कर विद्यार्थियों की सुविधा में योगदान दिया।

समारोह में विद्यालय परिवार, विद्यार्थी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## ममत्व और राष्ट्रसम्मान एक साथ



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** राष्ट्रगौरव और ममता दोनों का समावेश जब हुआ तब विश्वविद्यालय महारानी महाविद्यालय के स्वतंत्रता दिवस समारोह में एक बेहद प्यारा और प्रेरणादायी नज़ारा देखने को मिला। समाजशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. रोहित कुमार जैन अपनी धर्मपत्नी डॉ. अपेक्षा के साथ नन्हीं 4 माह की बेटी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुई। पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रनिष्ठा का भाव देखकर लोग अभिभूत हुए।

## 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया, उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में 39 लोगों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के गांधी पार्क में शुक्रवार को 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी सीमा मीणा ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। पुलिस की सशस्त्र टुकड़ी ने भी ध्वज को सलामी अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह में देशप्रेम का संचार किया।

समारोह में उपखंड अधिकारी




सीमा मीणा ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के 39 अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य एवं उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इनमें राजस्व, निर्वाचन, पशुपालन, पुलिस, शिक्षा, पंचायती राज, जल संसाधन, नगर पालिका, पीएचईडी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सार्वजनिक निर्माण तथा कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। साथ ही बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों तथा पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजगढ़-लक्ष्मनगढ़ विधायक मांगेलाल मीणा, भाजपा प्रत्याशी बन्नाराम मीणा, प्रधान भौरी देवी राठौर, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, पुलिस उपाधीक्षक मनीषा मीणा, तहसीलदार कल्याण सहाय मीणा, विकास अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लीलावती मीणा, लायंस क्लब प्रांतीय सलाहकार खेम सिंह आर्य, थाना प्रभारी राजेश मीणा सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। अधिशासी अधिकारी जगदीश खींचड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

वहीं कस्बे के राजकीय महाविद्यालय, पंचायत समिति कार्यालय, नगरपालिका, उपखंड मुख्यालय सहित सभी सरकारी व निजी विद्यालयों में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुए।

## गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** राजगढ़ क्षेत्र की सामाजिक संस्था राम जन सेवा टीम ने शनिवार को भौरंगी धाम गौशाला में गायों को गुड़ खिलाकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई। संस्था अध्यक्ष रामसिंह बड़ला ने बताया कि राम जन सेवा टीम द्वारा असहाय परिवारों की मदद, शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण और बेजुबान पक्षियों-पशुओं की सेवा जैसे सामाजिक कार्य किए जाते हैं। जन्माष्टमी पर गौसेवा के माध्यम से बेजुबान पशुओं के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। इस मौके पर अध्यक्ष रामसिंह बड़ला के साथ अमरसिंह मीना, हजारीलाल अनावड़ा, संतोष कुण्डारिया, हंसराज कांदोली, प्रभु राम, तारेश मीना, राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षक दिनेश सैनी, राजेश कुमार शर्मा, जुगनू तमोली सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** कस्बे के मेला चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला में नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से आज प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित होगा।

संगठन के दिनेश सैनी व यादराम मीना ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

# छत पर लगी टीट्ठ सीलिंग का एक हिस्सा अचानक गिरने से आधा दर्जन बच्चे चोटिल

## हादसा हॉल में एक बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल पंखे के चलने और साउंड सिस्टम के कंपन के कारण हुआ







बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में स्वतंत्रता दिवस पर बूंदी के सेंट पॉल स्कूल में बड़ा हादसा हुआ। स्कूल के हॉल में चल रहे कार्यक्रम के दौरान, छत पर लगी टीट्ठ सीलिंग का एक हिस्सा अचानक नीचे गिर गया, जिससे करीब आधा दर्जन बच्चे घायल हो गए। इस घटना ने स्कूल प्रबंधन की लापरवाही को उजागर कर दिया है, क्योंकि बच्चों की सुरक्षा के नियमों की अनदेखी की गई थी।

### क्या हुआ था।

स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल के हॉल में कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें 200 से 250 से ज़्यादा बच्चे मौजूद थे। इसी दौरान, नियम-विरुद्ध तरीके से लगाई गई टी-सीलिंग का एक बड़ा हिस्सा अचानक गिर गया। इससे ट्विंकल, आदिश, सृष्टि, विनय, तितिक्षा दाधीच ,दिशा नाम के साथ अन्य बच्चे घायल हो गए।

### स्कूल प्रशासन की बड़ी लापरवाही बिना नियमों के लगा दिए इंडस्ट्रियल फैन

घटना के बाद पूरे हॉल में अफरा-तफरी मच गई। तुरंत ही स्कूल के कर्मचारियों ने घायल बच्चों को संभाला और उन्हें इलाज के लिए ज़िला अस्पताल पहुंचाया, जहाँ उनके टांके लगाए गए।

### लापरवाही के पीछे की वजह

हादसे की जानकारी मिलते ही उपखंड अधिकारी, शिक्षा विभाग के आला अधिकारी और तहसीलदार तुरंत स्कूल पहुँचे। उन्होंने घटनास्थल का मुआयना किया और स्कूल प्रबंधन से जानकारी ली।

### शिक्षा विभाग पर उठे सवाल

इस घटना ने शिक्षा विभाग के निरीक्षण पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हाल ही में झालावाड़ में भी एक स्कूल की जर्जर इमारत गिरने की घटना हुई थी, जिसके बावजूद विभाग ने सरकारी और निजी स्कूलों की इमारतों की सुरक्षा पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। बूंदी के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कुंजबिहारी भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा विभाग की टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है और एक तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयार की है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल को सील कर दिया गया है और डीईओ सेकेंडरी की अध्यक्षता में एक कमेटी इस मामले की निष्पक्ष जांच करेगी। साथ ही, हॉल में लगे बड़े पंखे को भी हटाया जाएगा। अब देखना यह होगा कि शिक्षा विभाग इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए आगे क्या कदम उठाता है ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही न हो ।

जांच में सामने आया है कि इस टी ट्ठसीलिंग को पैसे बचाने के लिए लगाया गया था और इसमें सुरक्षा के लिए ज़रूरी स्क्रू और सपोर्ट नहीं लगाए गए थे। एक अनुभवी ठेकेदार मनीष ने बताया कि सार्वजनिक जगहों और स्कूलों में टी-सीलिंग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इसमें जोखिम रहता है और यह लंबे समय तक सुरक्षित नहीं रहती।

इसके अलावा, हॉल में एक बहुत बड़ा इंडस्ट्रियल फैन लगा हुआ था, जिसका उपयोग आमतौर पर औद्योगिक क्षेत्रों में होता है। जानकारों के अनुसार, यह हादसा बड़े पंखे के चलने और साउंड सिस्टम के कंपन के कारण हुआ। इन दोनों के कंपन से टी-सीलिंग में वाइब्रेशन हुआ और वह नीचे गिर गई।

# भारतीय जैन संगठना की ओर से एक शाम देश के नाम संस्कृति कार्यक्रम हुआ आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** भारतीय जैन संगठना की ओर से देवपुरा बघेरवाल छात्रावास में जैन मुनि वैराग्य सागर व मुनि सुप्रभ सागर महाराज के आर्शीवाद से शांति सागर मंडपम में एक शाम देश के नाम संस्कृति कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं चित्र अनावरण कराया इस के पश्चात समाज की महिला पुरुष व नन्हे मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति कव्वाली देकर समा बांध दिया। कार्यक्रम के दौरान लघु नाटिकाएं भी दिखाई जिसमें खुशी एंड पार्टी द्वारा मिशन सिंदूर , अवनी एंड पार्टी द्वारा झांसी की रानी, और सीमा ठग पार्टी द्वारा बहुत ही मार्मिक दृश्य एक मां अपने जवान को जंग में लड़ते हुए शहीद होने के के दृश्य को देखकर वहां बैठे सभी दर्शकों की आंखों में भी आंसू आ गए । प्रोजेक्ट डायरेक्टर अनीता सेठिया, दिक्षिता कासलीवाल,कनक पाटनी व तनुज कोटिया ने बताया कि कार्यक्रम के अतिथि पुलिस उप अधीक्षक अरुण मिश्रा,समाज सेवी कैलाश ठग,बघेरवाल देवपुरा समाज के अध्यक्ष विनोद कोटिया महामंत्री ओम प्रकाश ठाग बीजेएस के महामंत्री नरोत्तम जैन, आयुष जैन उपांश जैन रहे । स्वागत भाषण अध्यक्ष प्रदीप हरसौरा ने दिया। अतिथियों का स्वागत चातुर्मास कमेटी की टीम अध्यक्ष पदम बरमुंडा , मंदिर प्रबंधक अध्यक्ष विनोद कोटिया ,संयोजक कमल कोटिया,उप संयोजक सुरेश कोटिया,दिनेश जैन,प्रकाश महात्मा, पारस छाबड़ा. रॉबिन कासलीवाल व संजय जैन, तरुण जैन, जम्बू जैन, गजेंद्र जैन, अनीता सबदरा, ने किया। संचालन अमीषा जैन व महिला विंग की पूर्व अध्यक्ष अनिता हरसौरा ने किया। आभार महिला विंग अध्यक्ष सुमन कासलीवाल व महामंत्री बबीता गंगवाल ने दिया।

# जन्माष्टमी महोत्सव में भावविभोर हुआ शहर

## दिव्य झांकिया,फूल बंगले तो कहीं रास व बाल लीलाओ ने मोहा



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** अखिल विश्व के प्रणेता, योगेश्वर कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर पुरा शहर मंदिरों और धार्मिक स्थलों की और उमड़ पड़ा। कृष्ण मंदिरों के साथ-साथ सभी मंदिरों मठों व देवालयों पर भी कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर मनमोहक झांकियां बनाई गई। कोटा शहर के ऐतिहासिक मथुराधीश मंदिर पर दिन से ही श्रद्धालुओं का भारी जमघट लगा हुआ था महाप्रभु जी बांके बिहारी जी बड़े ठाकुर जी चारभुजा जी राधा विलास सहित स्टेशन क्षेत्र के राम जानकी मंदिर विषम क्षेत्र की डीसीएम की झांकियां नये कोटा में तलमण्डी बांके बिहारी मंदि, राधा कृष्ण मंदिर, टीलेश्वर महादेव,गीता भवन, गोविंद धाम इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धा और धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे मंदिर परिसरों को मनमोहक झांकियों और रंग-बिरंगे फूलों से सजाया गया, जिनमें भगवान श्रीकृष्ण की विविध लीलाओं का अद्भुत चित्रण किया गया। इस्कॉन केंद्र के सह-व्यवस्थापक मायापुरवासी प्रभु ने बताया कि मंदिर के मुख्य विग्रह का फूल बंगला विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसके निर्माण में दिल्ली और बेंगलुरु से मंगाए गए लगभग 2 से 3 क्विंटल फूलों का उपयोग किया गया।

### पंचामृत और पंचगव्य से हुआ महाभिषेक

दिनभर मंदिर में हरे कृष्ण महामंत्र का जाप और कीर्तन गूंजता रहा। श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर नृत्य करते दिखे। भगवान श्रीकृष्ण का महाभिषेक पंचामृत, पंचगव्य, नारियल पानी, दिव्य जल और जड़ी-बूटियों से किया गया। संध्या आरती के पश्चात विशेष अभिषेक प्रारंभ हुआ, जबकि मध्यरात्रि को महाअभिषेक और महाआरती संपन्न हुई।

# मनोहर थाना स्कूल हादसे के शिकार हुए बच्चों की स्मृति में गायत्री परिवार ने लगाए पौधे

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर बोले जिनको हमने खोया उनकी स्मृति को संजोने का वृक्षारोपण उत्तम माध्यम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( मंगल सिंह )।** गायत्री परिवार द्वारा सुकेत के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय सुकेत में आज झालावाड़ के मनोहर थाना में पीपलोदी गांव के स्कूल में हुए दुखद हादसे में शिकार हुए साथ मासूम बच्चों की स्मृति में वृक्षारोपण आयोजित किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों ने इस अवसर पर मां गायत्री तथा भगवान शिव के महामृत्युंजय मंत्र का जाप करते हुए विद्यालय परिसर में 101 पौधे लगाए गए। पौधारोपण की शुरुआत शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर तथा पूज्य संत बाबा श्री निरंजन नाथ अवधूत महाराज ने वृक्षारोपण कर की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री तथा रामगंज मंडी के विधायक मदन दिलावर ने कहा कि गत माह झालावाड़ जिले के मनोहर थाना के पीपलोदी गांव के सरकारी विद्यालय में हुए हादसे में हमने सात मासूमों को खो दिया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, 38 प्रतिभाएं हुईं सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस बूंदी जिले में जोश और देशभक्ति के उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य जिला स्तरीय समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहाँ जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह का शुभारंभ सुबह 9 बजे हुआ। ध्वजारोहण के बाद, जिला कलक्टर ने परेड का निरीक्षण किया और मार्च पास्ट की सलामी ली। मार्च पास्ट में आरएसी, राजस्थान पुलिस, महिला पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी और स्काउट गाइड की टुकड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया।



### विभिन्न क्षेत्रों की 38 प्रतिभाओं का सम्मान

इस अवसर पर, जिले में अलग-अलग क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने वाले 38 लोगों को सम्मानित किया गया। जिला कलक्टर ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर उनके योगदान की सराहना की।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

समारोह में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर ने महामहिम राज्यपाल का संदेश पढ़ा। इसके बाद स्कूली बच्चों ने सामूहिक व्यायाम और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। राजकीय महारानी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं के सामूहिक नृत्य और इम्मानुएल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों के समूहगान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### कई गणमान्य लोग रहे मौजूद

इस समारोह में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, केशवरायपाटन विधायक सी.एल. प्रेमी, जिला प्रमुख चंद्रावती कंवर, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार मीना और अन्य जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### न्यायालय परिसर में भी हुआ ध्वजारोहण

इसके अलावा, जिला एवं सेशन न्यायाधीश अजय कुमार शुक्ला ने भी न्यायालय परिसर में ध्वजारोहण किया। इस दौरान न्यायिक अधिकारी, कर्मचारी और अभिभाषक संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

# मां सरस्वती पब्लिक सेकंडरी स्कूल मे 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी ( प्रमोद राठौर )।** मोड़क गाँव मे स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपलक्ष्य में विद्यालय द्वारा शिव मंदिर, मोड़क गांव से लेकर आरएसीबी गेट हनुमान मंदिर तक एक भव्य परेड , स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित झांकी, तथा शारीरिक क्षमता को प्रदर्शित करते हुए अखाड़े एवं पीटी का अदभुत प्रदर्शन किया गया। अरविंद यादव के निर्देशन में अदभुत परेड ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों द्वारा लगाए गए नारों ने सभी प्रत्यक्षदर्शियों में जोश भर दिया। सर्वप्रथम विद्यालय निदेशक महोदय भूपेंद्र श्रृंगी एवं प्रधानाचार्या महोदया स्मिता राजेश द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात पंचायत भवन के पास नवनिर्मित सब्जीमण्डी में विद्यालय द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती तरनजीत एवं विजय प्रजापति ने किया। अतिथि, अभिभावक गणों द्वारा सरस्वती पूजन के पश्चात हमारे प्यारे भारत देश की विभिन्न एवं मुख्य भाषाओं जैसे हिंदी, अंग्रेजी, मलयालम, कन्नड़, गुजराती, हाड़ौती, संस्कृत, फ्रेंच तथा भोजपुरी आदि में भाषण देते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। भारत देश को ब्रिटिश शासन से मुक्त करवाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के प्रदर्शन पर संपूर्ण सब्जीमंडी परिसर %वंदे मातरम% और %भारत माता की - जय% के नारो से गूंज उठा।

## हर घर तिरंगा- हर मन उमंग

# हर्षोल्लास से मनाया 79वां स्वाधीनता दिवस

## शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने किया ध्वजारोहण

## 91 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( विनोद गौड़ )।** 79 वां स्वाधीनता दिवस शुक्रवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह महाराव उम्मेदसिंह स्टेडियम में आयोजित हुआ जहां मुख्य अतिथि शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने प्रातः 9:15 बजे ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्यों के लिए 91 प्रतिभाओं को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में तिरंगे के साथ देशभक्तिपूर्ण प्रस्तुतियों ने समां बांधा।

समारोह को सम्बोधित करते हुए शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने कहा कि शहीदों के बलिदान और त्याग की बदौलत आज हम तिरंगे की छांव में फल-फूल रहे हैं। स्वाभिमान और एकता, अखंडता के प्रतीक तिरंगे को हमें शान से लहराना है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सेना ने जिस पराक्रम का परिचय दिया उसका पूरी दुनिया ने लोहा माना है। हमारे स्वदेशी हथियारों की शक्ति भी दुनिया ने देखी। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग का आह्वान करते हुए कहा कि हम सीमा पर जाकर युद्ध तो नहीं लड़ सकते लेकिन देश के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाकर सच्ची देश सेवा कर सकते हैं। अपने देश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग करके हम देश की आर्थिकी में बड़ा सहयोग कर सकते हैं।

मुख्य अतिथि श्री दिलावर ने नागरिकों से समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें समाज के वंचित, कमजोर, निराश्रित, पराश्रित लोगों का सहयोग कर मुख्य धारा में लाने का संकल्प लेना चाहिए ताकि उनके जीवन में भी स्थिरता आ सके और वे विकास के मार्ग पर बढ़ सकें। इस संदर्भ में उन्होंने भूमिहीन घुमन्तु परिवारों को आवास उपलब्ध कराने की राजस्थान सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

शिक्षा मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों को मृदा स्वास्थ्य के लिए घातक बताया और इसके दूरगामी परिणामों के प्रति आगाह किया। उन्होंने रासायनिक उर्वरकों से दूरी बनाने की अपील की। गोपालन तथा पंचगव्य की महत्ता बताते हुए इन्हें अपनाने का आह्वान किया। गंदगी के दुष्प्रभावों से आगाह करते हुए शिक्षा मंत्री ने जीवन में स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया।

### शहीदों के परिजनों, वीरांगनाओं का किया सम्मान

समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर ने वीरांगनाओं एवं शहीद परिवार के सदस्यों का शॉल ओढ़ाकर, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और चरण स्पर्श किए। इनमें शहीद कांनिस्टेबल भारतभूषण पारोलिया के माता-पिता, शहीद सिपाही राजकुमार की पत्नी लक्ष्मी देवी, शहीद हेमराज मीणा की पत्नी श्रीमती मधुबाला, स्वतंत्रता सैनानी परिवार से शांता जैन एवं उर्मिला सोनी उपस्थित रहे। इससे पूर्व शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। समारोह में राज्यपाल के संदेश का पठन अतिरिक्त कलक्टर शहर अनिल सिंघल ने किया।

# राजसमंद: हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस

## जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने किया ध्वजारोहण

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस हर गांव और नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया और तत्पश्चात राष्ट्रगान हुआ। कलक्टर ने मार्च-पास्ट की सलामी ली एवं इससे पहले परेड का निरीक्षण किया। समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 55 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। एडीएम नरेश बुनकर ने राज्यपाल के संदेश का वाचन किया। कार्यक्रम में राजसमंद विधायक दीप्ति माहेश्वरी, जिला प्रमुख रतनी देवी जाट, उप जिला प्रमुख सोहनी देवी गुर्जर, राजसमंद प्रधान अरविंद सिंह राठौड़, सभापति अशोक टांक, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, जिलाध्यक्ष जगदीश पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी समाजसेवी, विद्यार्थी, उनके परिजन एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।विद्यालयी छात्र-छात्राओं ने सामूहिक नृत्य, समूह गान, नाट्य प्रस्तुति सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विशेष बात यह रही कि इस बार यह समारोह राजकीय बालकृष्ण राउमावि स्टेडियम में न होकर पहली बार कलेक्ट्रेट के पास स्थित महाराणा प्रताप उद्यान के निकट मैदान में हुआ, जहां प्रशासन के बेहतर प्रबंधों को सभी ने सराहा। इसके साथ साथ सभी ब्लॉक में उपखंड अधिकारियों ने ध्वजारोहण किया। समस्त राजकीय कार्यालयों में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।


# उपखंड स्तर पर स्वामी विवेकानंद युवा मंडल सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद।** स्वतंत्रता दिवस पर केलवा में आयोजित उपखंड स्तरीय कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद युवा मंडल, केलवा को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान अतिरिक्त जिला कलेक्टर नरेश बुनकर एवं तहसीलदार विजय रैगर द्वारा प्रदान किया गया। युवा मंडल पिछले छह वर्षों से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता सहित विभिन्न सामाजिक अभियानों में सक्रिय रूप से कार्यरत है। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने युवा मंडल की पहल को समाज के लिए प्रेरणादायी बताते हुए उनके सतत प्रयासों की सराहना की।

# कुंभलगढ़ किले के पास 3 किलोमीटर लंबा जाम, पर्यटक परेशान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** कुंभलगढ़ किले से टाइगर वैली तक लगभग तीन किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जाम लगने से आज पर्यटक घंटों परेशान रहे। वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग को इस बड़े जाम का मुख्य कारण बताया जा रहा है। वीकेंड और छुट्टियों के दिनों में कुंभलगढ़ किला और उसके आसपास के क्षेत्र में पर्यटकों की भारी भीड़ उमड़ती है। आज भी बड़ी संख्या में पर्यटक कुंभलगढ़ किले और टाइगर वैली घूमने आए थे। लेकिन, वाहनों को बेतरतीब ढंग से सड़क किनारे और आस-पास खड़ा करने के कारण, पूरा मार्ग अवरुद्ध हो गया, जिससे लंबा जाम लग गया। जाम में फंसे पर्यटकों को भीषण गर्मी और धूप का सामना करना पड़ा। कई परिवारों को छोटे बच्चों के साथ परेशानी उठानी पड़ी। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया, यह कोई नई बात नहीं है। हर बार जब भीड़ होती है, तो पार्किंग की समस्या के कारण जाम लग जाता है। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रशासन की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाने से पर्यटकों और स्थानीय लोगों में नाराजगी है। इस तरह के जाम से न केवल पर्यटकों को असुविधा होती है, बल्कि स्थानीय व्यापार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। पुलिसकर्मी जाम को खुलवाने में जुटे रहे, लेकिन वाहनों की अधिक संख्या और पार्किंग की कमी के कारण स्थिति को सामान्य होने में काफी समय लगा। पर्यटकों ने प्रशासन से अपील की है कि वे कुंभलगढ़ क्षेत्र में बेहतर पार्किंग व्यवस्था और सुगम यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करें ताकि भविष्य में ऐसी परेशानियों से बचा जा सके।

# कंचनपुर थाना क्षेत्र में महिला का अपहरण, पीड़ित पति की शिकायत पर नहीं हुई सुनवाई तो एसपी से लगाई गुहार



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा ) ।** कंचनपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहित महिला का अपहरण करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि सुबह घर से खेत पर जा रही महिला को आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घात लगाकर जबरन बोलेरो गाड़ी में डाल लिया। घटना 14 अगस्त की सुबह 4 से 5 बजे के बीच की बताई जा रही है। पीड़ित पति का कहना है कि उसकी पत्नी खेत की ओर गई थी, तभी गांव के ही कुछ लोग उसे बलपूर्वक ले गए।

### पुलिस पर लापरवाही का आरोप

पीड़ित ने बताया कि उसने तुरंत थाने में नामजद रिपोर्ट दी, लेकिन पुलिस ने सुनवाई नहीं की। इसके बाद वह सीधे धौलपुर एसपी के पास पहुंचा। एसपी के हस्तक्षेप पर कंचनपुर थाने में अपहरण का मामला दर्ज किया गया।

### थाना अधिकारी का बयान

कंचनपुर थाना अधिकारी अनूप कुमार ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर प्रारंभिक परिवाद लिया गया था। बाद में एसपी के निर्देश पर मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है।

# धूमधाम से मना देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

## उपखंड स्तरीय कार्यक्रम में एसडीएम ने किया ध्वजारोहण, हर घर लहराया तिरंगा

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी( राजू शर्मा ) ।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उपखंड स्तरीय मुख्य समारोह किला परिसर स्थित पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित हुआ, जहां उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने ध्वजारोहण कर मार्चपास्ट की सलामी ली। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने व्यायाम पीटी एवं देशभक्ति गीत-सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया।

### पत्रकार व कार्मिक सम्मानित

मुख्य समारोह में एसडीएम त्यागी ने पत्रकारिता में उत्कृष्ट योगदान के लिए पत्रकार राजू शर्मा को सम्मानित किया। वहीं जिला स्तर पर प्रमोद मुद्गल को जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने सम्मानित किया। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और श्रेष्ठ कार्य करने वाले 38 कार्मिकों को मंच से सम्मानित किया गया। राज्यपाल का संदेश भी वाचन कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं। एसडीएम ने कहा कि हमें आज़ादी की कुर्बानियों को कभी नहीं भूलना चाहिए और इसे संजोकर आगे बढ़ाना होगा।

### विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण

नगर पालिका परिसर में अध्यक्ष कमलेश देवी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान वाइस चेयरमैन अहमद जमा खान, ईओ श्याम बिहारी गोयल व पार्षदगण उपस्थित रहे। तहसील परिसर में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा ने ध्वजारोहण किया। कोर्ट परिसर में एडीजे सुनील कुमार गुप्ता ने झंडा फहराया, जहां न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता मौजूद रहे। पंचायत समिति में प्रशासन अजय परमार ने, कांग्रेस कार्यालय पर प्रशांत परमार ने और भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा ने ध्वजारोहण किया।

### गणमान्य रहे उपस्थित

समारोह में सीओ महेंद्र कुमार, तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, सीबीईओ नंदलाल मीणा, एडीपीसी अर्पित श्रीवास्तव, पीएमओ हरिकिशन मंगल, प्रधानाचार्य हरिओम सिकरवार, कांग्रेस सेवादल जिलाप्रभारी रोशनी शिवहरे, शबनम खान सहित कई अधिकारी, संस्था प्रधान, पार्षदगण, छात्र-छात्राएँ और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

## पूर्वजों के त्याग और बलिदान को बनाए रखने के लिए हमें हमेशा सजग रहना होगा - डॉ. उदयभान सिंह



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपखंड क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण अंचल से लेकर शहरी क्षेत्रों तक नागरिकों ने अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराकर आजादी के जश्न में भागीदारी निभाई। कृषि महाविद्यालय कैंपस में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राजस्थान प्रदेश संयोजक यतेन्द्र पाण्डेय रहे, जबकि अध्यक्षता कृषि महाविद्यालय के डीन डॉ. उदयभान सिंह ने की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। गत वर्ष विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उपखंड स्तरीय समारोह श्री जगन्नाथ पहाड़िया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुआ, जहां मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा रहे और अध्यक्षता नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता प्रकाश जाटव ने की। पुलिस उप अधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा व थाना अधिकारी नरेश शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। पुलिस गार्ड ने राष्ट्रीय ध्वज को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। नवोदय विद्यालय, श्री आर्य महिला विद्यापीठ, गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय, इंदिरा पब्लिक स्कूल सहित कई शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

### स्वतंत्रता सेनानी का सम्मान

स्वतंत्रता सेनानी श्री ओमप्रकाश पाण्डेय का तहसीलदार अभयराज सिंह एवं नायब तहसीलदार अरुण कुमार मीणा ने उनके निवास पर जाकर शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

### सभी कार्यालयों पर ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उपखंड अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय, पुलिस उप अधीक्षक कार्यालय, थाना, गांधी ज्योति महिला महाविद्यालय, आर्य महिला विद्यापीठ, इंदिरा पब्लिक स्कूल, प्रेम पब्लिक स्कूल, मॉडर्न जगदंबा, मां ज्योति सहित सभी निजी व सरकारी विद्यालयों एवं शहीद सुशील कुमार शर्मा फाउंडेशन कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया।

# संतनगर रोड, कृष्णा कॉलोनी वासियों ने बिसिनिगिरि मेला यात्रियों के लिए लगाई प्याऊ

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** संतनगर रोड स्थित कृष्णा कॉलोनी के निवासियों ने बिसिनिगिरि मेला यात्रियों की सेवा के लिए प्याऊ (जल सेवा केंद्र) की व्यवस्था की। इस सेवा का शुभारंभ नगर पालिका कर्मचारी तपेश बिधूड़ी एवं क्षेत्रीय पार्षद सुरजीत सिंह गुर्जर ने दीप प्रज्वलित कर बाबा के नाम से किया। इस दौरान गुर्जर ने कहा कि ऐसे पुण्य कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और आपसी सहयोग व सेवा भावना को बढ़ावा देते हैं।

**प्याऊ पर ठंडे पानी के साथ**-साथ यात्रियों के लिए शरबत और छाछ की भी व्यवस्था की गई, जिससे उन्हें गर्मी से राहत मिल सके। इस अवसर पर तपेश बिधूड़ी, सुरजीत सिंह गुर्जर, कमलसिंह मीणा, बी.एल. रावत, पी.डी. मीणा, लज्जा भारली वाले, गुड्डू जाटव महाराजपुर, जनक सिंह, रमेश चंद्र, हरीचरन मीणा, सतीश, राहुल कौशल, खेमसिंह, हरीओम, मोनू, सोनू, प्रमोद, गौरव, पंकज, गुड्डू सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्री अग्रसेन जयंती पंच दिवसीय महोत्सव की तैयारियों को लेकर अग्र बंधुओं की वृहद बैठक



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भगवान श्री अग्रसेन महाराज जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर अग्रवाल समाज बाड़ी एवं उसकी इकाइयों की वृहद बैठक अग्रवाल धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग (एडवोकेट) ने की, जबकि कार्यक्रम में अनेक समाज बंधु, महिलाएं व युवा बड़ी संख्या में मौजूद रहे। विशेष अतिथियों में प्रमोद गर्ग, हरिओम सिंगल, सुमन मंगल, सचिन बंसल, विष्णु सिंघल, सुनील गर्ग, डॉ. हरिकिशन मंगल और डॉ. महेश गुप्ता शामिल हुए।

बैठक की शुरुआत महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर दीप प्रज्वलन से हुई। मंच संचालन महामंत्री हरिशंकर सर्राफ ने किया। महामंत्री ने जानकारी दी कि पंच दिवसीय महोत्सव 22 सितंबर से आरंभ होगा। पहले दिन महिला मंडल द्वारा कलश यात्रा एवं संगीत संध्या होगी, दूसरे दिन नृत्य प्रतियोगिता, तीसरे दिन भजन संध्या और चौथे दिन विद्यार्थियों की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। जयंती दिवस पर सुबह प्रभात फेरी तथा दोपहर बाद भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। अध्यक्ष राधेश्याम गर्ग ने सभी अग्रबंधुओं से बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और अंशदान करने का आह्वान किया। सुनील गर्ग ने कहा कि महोत्सव के साथ ही हमें भगवान अग्रसेन के आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लेना चाहिए। बैठक में मौजूद सभी अग्रबंधुओं ने जयंती महोत्सव को भव्य और सफल बनाने की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

# लवानिया पुन: लोहागढ़ प्रेस क्लब अध्यक्ष निर्वाचित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** लोहागढ़ प्रेस क्लब के द्विवार्षिक चुनाव में उमेश लवानिया पुन: निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद पर लगातार दूसरी बार निर्वाचित होने पर सभी पत्रकार साथियों ने लवानिया को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।



# नाथद्वारा में अनूठा जन्माष्टमी महोत्सव

## रात 12 बजे 21 तोपों की सलामी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव देशभर में अलग-अलग परंपराओं से मनाया जा रहा है, वहीं नाथद्वारा में यह महोत्सव अपनी अनूठी परंपरा के लिए विशेष पहचान रखता है। यहां आधी रात को ठाकुरजी के जन्म की सूचना 21 तोपों की सलामी देकर दी जाती है। इसके साथ ही मंदिर के द्वार खुलते हैं और जन्माष्टमी का उत्सव शुरू होता है। रियासत काल से चली आ रही इस परंपरा के तहत रसाल चौक में स्थित तोपों को आज भी उपयोग में लाया जाता है। दिनभर इन तोपों की तैयारी और रखरखाव का कार्य चलता है। सुरक्षा और सुचारु संचालन के लिए विशेष कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं, जो कपड़े से बनी थालियों में बारूद भरकर तोपों को दागने की तैयारी करते हैं। रात 12 बजे मंदिर तिलकायत के संकेत मिलते ही तोपें दागी जाती हैं और ठाकुरजी के जन्म के दर्शन खुलते हैं। नाथद्वारा के श्रीकृष्ण मंदिर की यह विशेषता है कि जन्माष्टमी के दिन यहां पूरा दिन उपवास रखा जाता है और मध्यरात्रि में जन्मोत्सव के बाद ही भक्तों को पंजरी और पंचामृत का प्रसाद वितरित किया जाता है। अगले दिन नंद महोत्सव की धूम रहती है, जिसमें ठाकुरजी को पंचम रत्नन कराए जाते हैं।

# जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन

## पुलिस लाइन परेड ग्राउंड देशभक्ति के रंग में रंगा

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** जिले में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर हुए मुख्य समारोह में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और टुकड़ियों का निरीक्षण किया। अतिरिक्त जिला कलक्टर हरिराम मीना ने राज्यपाल का संदेश वाचन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित आमजन व अधिकारियों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई। इससे पूर्व कलक्टर ने निवास व कलेक्ट्रेट कार्यालय पर ध्वजारोहण कर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। समारोह में बच्चों ने व्यायाम पीटी सहित सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से राष्ट्रप्रेम का अद्भुत नजारा पेश किया।

### गणमान्य हुए शामिल

समारोह में एसपी विकास सांगवान, नगर परिषद सभापति खुशबू सिंह, सीईओ जिला परिषद ए.एन. सोमनाथ, विधायक शोभारानी कुशवाह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी व नागरिक मौजूद रहे। संचालन गोविन्द प्रसाद शर्मा ने किया।



### विभिन्न कार्यालयों पर ध्वजारोहण

अवसर पर जिले के सभी सरकारी-गैर सरकारी कार्यालयों व विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में विकास सांगवान, सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय में राजकुमार मीणा, स्वास्थ्य भवन में डॉ. धर्मसिंह मीणा सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों ने झंडा फहराया।

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान

कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन व समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं, भामाशाहों व स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, जिले के शहीदों की वीरांगनाओं — सुशीला देवी (शहीद कमल सिंह की पत्नी), उर्मिला देवी (शहीद कम्मोद सिंह), अंजना सिकरवार (शहीद राघवेन्द्र सिंह), रंजना देवी (शहीद भागीरथ सिंह) और रेखा तौमर (शहीद रणजीत सिंह) को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# जिला स्तरीय मुख्य समारोह में ऊर्जा राज्य मंत्री ने किया ध्वजारोहण

## विकसित भारत-विकसित राजस्थान के संकल्प के साथ सरकार कर रही काम - ऊर्जा राज्य मंत्री

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिलेभर में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। केन्द्रीय विद्यालय परिसर में आयोजित भव्य जिला स्तरीय समारोह में ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया तथा मार्चपास्ट की सलामी ली। परेड में राजस्थान सशस्त्र पुलिस, पुलिस, महिला पुलिस, एनसीसी, होमगार्ड, भारत स्काउट-गाइड एवं पुलिस बैंड की टुकड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) घनश्याम शर्मा ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा। मुख्य अतिथि नागर ने शहीद वीरांगनाओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले 65 अधिकारी-कर्मचारियों तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्तिपत्र प्रदान किए। समारोह में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, व्यायाम प्रदर्शन और नाट्य-गीत प्रस्तुत किए गए।



### राज्यमंत्री का संबोधन

राज्यमंत्री नागर ने कहा कि देश आज आत्मविश्वास और सम्मान के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए दूरगामी कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत अब कमजोर नहीं है, बल्कि दुश्मन को घर में घुसकर जवाब देने की क्षमता रखता है।

### भरतपुर विकास के पथ पर

उन्होंने बताया कि जिले में पेयजल समस्या के समाधान हेतु चम्बल आधारित जल परियोजनाओं पर 6,000 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुई है। साथ ही रिंग रोड, फ्लाईओवर, नहर, स्पोर्ट्स कॉलेज, फूड पार्क और मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट जैसे प्रोजेक्ट जिले के विकास को नई दिशा देंगे।

### जिलेभर में समारोह

जिलेभर के सभी कार्यालयों, संस्थानों व विद्यालयों में ध्वजारोहण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। लोहागढ़ स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक पर अधिकारियों एवं पूर्व सैनिकों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई और मां के नाम पेड़ अभियान के तहत वृक्षारोपण किया।

# धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

## कलेक्टर ने फहराया तिरंगा


बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** जिला स्तरीय 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में देशभक्ति के उल्लास और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी और मार्चपास्ट का निरीक्षण किया।

समारोह में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, जिला प्रमुख बरजी बाई भील, जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र यादव सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

### देशभक्ति का स्वर गूंजा

कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगान और ''वंदे मातरम्'' के गगनभेदी नारों से हुई। मंच पर उपस्थित अतिथियों और जनसमूह ने स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) ओ.पी. मेहरा ने राज्यपाल का संदेश पढ़ा और सभी से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान का आह्वान किया।

### मार्चपास्ट और झांकियों ने बांधा समां

पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड और राजस्थान पुलिस बैंड की टुकड़ियों ने अनुशासनपूर्ण मार्चपास्ट कर दर्शकों की तालियां बटोरीं। विद्यार्थियों ने ''विकसित भारत'' की झांकी, स्वतंत्रता संग्राम के प्रसंग और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक दृश्य प्रस्तुत किए, जिन्हें लोगों ने उत्साहपूर्वक सराहा।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में झलकी एकता

विद्यालयों के विद्यार्थियों ने लेजियम, डम्बल्स और मुक्त हस्त व्यायाम के साथ देशभक्ति गीतों पर रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। इन कार्यक्रमों में वीर सेनानियों के बलिदान और ''एक भारत-श्रेष्ठ भारत'' का संदेश प्रमुख रूप से उभरा।

# 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

## टूटी चारदीवारी का निर्माण 5 दिन में शुरू करने की घोषणा


बढ़ता राजस्थान

**जजावर ( पदम शाह )।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य समारोह सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में आयोजित हुआ, जहाँ प्रिंसिपल भूपेंद्र मीणा ने निर्धारित समय पर ध्वजारोहण किया। इसके बाद ग्राम पंचायत प्रशासक रामप्रकाश धाकड़ की अध्यक्षता में समारोह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व सीडीईओ एवं इस विद्यालय के पूर्व प्रिंसिपल रामकृष्ण मीणा रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा सरिता ज्ञान सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। सभी अतिथियों का विद्यालय प्रशासन द्वारा स्वागत-सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रिंसिपल भूपेंद्र मीणा ने विद्यालय की प्रगति एवं भौतिक स्थिति से अवगत कराया। वहीं मुख्य अतिथि मीणा ने विद्यालय की गैर-शैक्षणिक स्थिति पर चिंता जताते हुए बच्चों को अनुशासन का पालन करने तथा नशे से दूर रहने की प्रेरणा दी। अध्यक्षीय संबोधन में ग्राम पंचायत प्रशासक रामप्रकाश धाकड़ ने घोषणा की कि अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त विद्यालय की चारदीवारी का निर्माण कार्य आगामी 4-5 दिनों में शुरू कर दिया जाएगा। समारोह में बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व उपस्थित सभी लोगों को राज्य सरकार के निर्देशानुसार लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा बनाए रखने और निर्भय होकर मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सीताराम कुमावत ने किया। इधर स्वतंत्रता दिवस अवसर पर सीएचसी में प्रभारी डॉ. संजय मीणा, सरस्वती स्कूल में प्रिंसिपल राजेंद्र सिंह हाडा तथा सरिता स्कूल में प्रिंसिपल मुकेश नागर ने ध्वजारोहण किया।

# विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस आज

## विशेष प्रबुद्धजन सम्मेलन होगा आयोजित


बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** बांमनगांव स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में प्रखंड सहसंयोजक सीताराम गुर्जर के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में 17 अगस्त, रविवार को होने वाले परिषद के स्थापना दिवस कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की गई। प्रखंड मंत्री पवन गौतम ने बताया कि स्थापना दिवस कार्यक्रम 17 अगस्त को कस्बे के नगर पालिका के पास स्थित होटल रॉयल हवेली में होगा। इस अवसर पर विशेष प्रबुद्धजन सम्मेलन रखा गया है, जिसमें मुख्य वक्ता एडवोकेट मोहन मालव रहेंगे।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक और समाजजन शामिल होंगे।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि सभा

## अटल स्मृति उद्यान द्वितीय चरण का शिलान्यास



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर शनिवार को वण्डर टाउन हॉल, निम्बाहेड़ा में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ के मुख्य आतिथ्य में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें विभाजन के दौरान शहीद हुए और पीड़ा झेलने वाले लाखों लोगों को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मदन राठौड़, सांसद सीपी जोशी, विधायक श्रीचंद कृपलानी सहित अतिथियों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से किया। स्वागत उद्बोधन में विधायक कृपलानी ने कहा कि समाज में एकता का संदेश ले जाना प्रत्येक कार्यकर्ता का कर्तव्य है, क्योंकि विभाजन की जड़ें विघटन में हैं, जबकि राष्ट्र की शक्ति एकता में निहित है।

प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने अपने संबोधन में विभाजन की दर्दनाक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि यह त्रासदी भाईचारे की डोर को तोड़ने वाली थी, जिसने असंख्य परिवारों को विस्थापित कर दिया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं से सामाजिक सौहार्द व एकजुटता बनाए रखने का आह्वान किया और कहा कि इतिहास से सीख लेकर हमें भविष्य को सशक्त दिशा देनी चाहिए। सांसद सीपी जोशी ने अपने संबोधन में कांग्रेस की तुष्टिकरण नीति को विभाजन की मुख्य वजह बताया। उन्होंने कहा कि 1947 का विभाजन भारतीय इतिहास का सबसे दर्दनाक अध्याय है, जिसे देश आज भी भूल नहीं पाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में इस दिन को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस घोषित करना, उस पीड़ा को सहेजने और इतिहास को जीवंत करने का प्रयास है। इस अवसर पर जिला प्रमुख गब्बर सिंह अहीर, पूर्व विधायक निर्मल कुमावत, बद्रीलाल जाट सिंहपुर, इंदरमल सेठिया, उपप्रधान जगदीश आंजना, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। नगर की विभिन्न संस्थाओं ने भी प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ का स्वागत-अभिनंदन किया।

### अटल स्मृति उद्यान द्वितीय चरण का शिलान्यास

इसी अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ ने अटल स्मृति उद्यान के द्वितीय चरण का शिलान्यास किया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की हरियालो राजस्थान योजना के तहत पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण भी किया गया।

# भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025 का ग्रैंड फिनाले सम्पन्न अनीरा मानसिंघका बनी विजेता

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** आईमॉक द्वारा आयोजित और प्रारंभ फास्ट फूड के सहयोग से भीलवाड़ा गॉट टैलेंट 2025 का बहुप्रतीक्षित ग्रैंड फिनाले बुधवार शाम हरणी महादेव स्थित श्रीलोक रिसॉर्ट में धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अनोखे टैलेंट शो में डांस, सिंगिंग, पेंटिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, मॉडलिंग, किड्स फैशन वॉक, म्यूजिक इंस्ट्रुमेंटल, एक्रोबेटिक्स और जिम्नास्टिक सहित विभिन्न विधाओं में प्रतिभागियों ने अपने हुनर का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। आयोजन समिति के प्रमुख दीपक चंडालिया ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य शहर की छुपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर उनका आत्मविश्वास बढ़ाना और कला को निखारना है। लाइव वोटिंग के आधार पर अनीरा मानसिंघका को ग्रैंड विनर घोषित किया गया। उन्हें 21,000 का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। दीपिका शर्मा द्वितीय स्थान पर रहीं और उन्हें 11,000 का पुरस्कार मिला। कार्यक्रम में मंजु पोखरना, राकेश शर्मा, हनुमान शर्मा, अभा मित्तल, संजय छाबड़ा और अभा छाबड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर विजेताओं को सम्मानित किया। निर्णायक मंडल में दीपा सिसोदिया, रोहित जैन, प्रियंका सेन, राजेन्द्र सोनारी, मुकेश दाधीच, शुभ्रा जैन और बीरा सुवालखा शामिल रहे। विशेष आकर्षण के रूप में कॉमेडियन अंकित सिसौदिया (बच्चा यादव कलाकार), मिष्ठी सिसौदिया, एंकर अजय माहेश्वरी तथा धुन बैंड नीरज एन ग्रुप की लाइव प्रस्तुति ने माहौल को जीवंत कर दिया। आयोजन की सफलता में दीपक चंडालिया के साथ आईमॉक के विनील गुप्ता, प्रारंभ फास्ट फूड के सौरभ माहेश्वरी, युवा समाजसेवी आदित्य सेन, सामाजिक कार्यकर्ता हारून रंगरेज, मिली चंडालिया, अकिन चौधरी, चेतन जोशी, विष्णु सुथार, गुरप्रीत सिंह, सुनील जैन, सतीश सोमी, राजेन्द्र कुमार जैन, पुष्पा जैन और विक्रम सिंह जैन सहित अनेक लोगों का योगदान उल्लेखनीय रहा।

# श्री चारभुजा मंदिर कपासन पर 2 क्विंटल खिचड़ी प्रसाद वितरण

## दही हांडी कार्यक्रम में उमड़ा उत्साह


बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर के श्री चारभुजा मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव शनिवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 2 क्विंटल साबूदाने की खिचड़ी का भोग ठाकुरजी को अर्पित कर भक्तों एवं श्रद्धालुओं में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया। मध्यरात्रि में आयोजित दही हांडी कार्यक्रम ने उत्सव का उल्लास और बढ़ा दिया। ''हाथी-घोड़ा-पालकी, जय कन्हैयालाल की'', ''राधे-राधे'' जैसे जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा और वातावरण कृष्णभक्ति से सराबोर हो गया। कार्यक्रम की सफलता हेतु कन्हैयालाल सोमानी, रामेश्वर सोमानी, ललित सोमानी, प्रशांत विजयवर्गीय, केदार सोमानी, किशन सोनी, चंद्रशेखर सुथार, नंदकिशोर गर्ग, गोविंद सिंह पंवार, पिंटू सोनी, मंदिर पुजारी सुरेश वैष्णव सहित मंदिर मंडल के पदाधिकारियों और श्रद्धालुओं ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में 40वां मोहर्रम जुलूस

## बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( नि.स. )।** कस्बे में हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में 40वें मोहर्रम का जुलूस निकाला गया। नौजवान हुसैनी कमेटी के लाइसेंसधारक आबिद हुसैन ने बताया कि हर साल की तरह इस वर्ष भी जलसा-ए-40वां मोहर्रम ताजियों के साथ श्रद्धा और अनुशासनपूर्वक निकाला गया। गुरुवार रात 9 बजे इमामगाह से मुकाम उठाकर कस्बे में जुलूस निकाला गया, वहीं शुक्रवार दोपहर 3.30 बजे इमामगाह से शुरू हुआ जुलूस मुख्य मार्गों से होता हुआ करबला पहुंचा। यहां बड़ी संख्या में ज़ियारत करने वालों ने शामिल होकर इमाम हुसैन को श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस में श्री प्रभात बैंड नागदा और प्रकाश बैंड बड़नगर द्वारा मातमी धुनें प्रस्तुत की गईं। कांग्रेस परिवार ने कमेटी का सम्मान किया।

मोहर्रम के मौके पर चौमहला, गंगधार, चिश्तीपुरा सहित आसपास के गांवों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम के अंतर्गत हुसैनी ड्राइवर लंगर कमेटी और लंगर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया।

# साज-सज्जा से सजे देवालय

## चारभूजा मंदिर में आकर्षक झाँकियाँ


बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** कृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर नैनवां शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक सजावट से संवार दिया गया। मुख्य बाजार स्थित चारभूजा मंदिर में भगवान की प्रतिमाओं को विशेष रूप से सजाया गया, वहीं जगह-जगह तोरण द्वार लगाए गए। गुलरिया महादेव मंदिर पर आकर्षक झाँकी सजाई गई।

इसके अलावा कंकाली माता मंदिर और राधा कृष्ण मंदिर में भी भव्य सजावट की गई। शाम ढलते ही श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का आयोजन कर कृष्ण जन्मोत्सव की शुरुआत की। जन्माष्टमी पर्व को लेकर पूरे शहर में धार्मिक माहौल छा गया।

# देशभक्ति के रंग में सराबोर रहा एसडीएम ने किया ध्वजारोहण

## जैन मुनियों ने धर्मसभा में मनाया स्वतंत्रता दिवस


बढ़ता राजस्थान

**नैनवां ( टी.आर. सैनी )।** स्वतंत्रता दिवस पर नैनवां उपखंड क्षेत्र देशभक्ति के उल्लास से सराबोर रहा। प्रातःकाल सभी सरकारी, निजी व सामाजिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया और विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। मुख्य समारोह पीएम श्री सीनियर सेकेंडरी स्कूल परिसर में हुआ, जहां उपखंड अधिकारी प्रीति मीणा ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इसके बाद स्कूली बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को स्मृति-चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष सरिता नागर, डीएसपी राजूलाल, तहसीलदार रामराय मीणा, सीबीईओ ओमप्रकाश बुनकर, ईओ शिकेश कांकणिया सहित जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। धर्मसभा में जैन मुनि प्रज्ञान सागर महाराज और प्रसिद्ध सागर महाराज ने स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाते हुए भारत माता की जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। मुनियों के सानिध्य में जैन समाज द्वारा राष्ट्रगान गाया गया और लड्डू बांटकर खुशियां मनाई गईं। प्रज्ञान सागर महाराज ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता अनगिनत बलिदानों से प्राप्त हुई है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भगवान महावीर स्वामी की अहिंसा की शिक्षाओं से प्रेरणा लेकर देश को आजादी दिलाई थी। इसी क्रम में राजस्थान पेंशनर्स मंच उपशाखा नैनवां द्वारा गढ़ चौक स्थित पुराने भवन पर भी स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी ने ध्वजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

# रामद्वारा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का हुआ भव्य शुभारंभ, निकली भव्य विशाल कलश शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा ) ।** शहर के रामद्वारा में सजंय कॉलोनी निवासी सामरिया परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का के द्वितीय दिवस शनिवार को कथावाचक रामस्नेही संत हरशुकराम ने कथा में राजा परीक्षित जन्म, सृष्टि की उत्पत्ति, और कपिल अवतार का वर्णन किया। आयोजक परिवार के रतनलाल सामरिया ने बताया की इससे पुर्व शुक्रवार को कलश यात्रा संत निवास रामद्वारा परिसर से प्रारम्भ होकर गेस्ट हाउस चौराहा होते कथा स्थल रामद्वारा मुख्य द्वार पहुंची। अपने सिर पर सजे 51 मंगल कलशों को धारण किए, महिलाएं भक्तिमय भजनों की मधुर धुनों पर थिरकती नजर आई। बैंड बाजे के साथ निकली शोभायात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। इस दिव्य यात्रा के दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्ति और श्रद्धा के रस में डूबा हुआ था। श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे भगवान कृष्ण के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया था। संत हरशुकराम ने प्रथम दिन अपनी ओजस्वी वाणी से भागवत महात्म्य का सारगर्भित वर्णन किया। उन्होंने भागवत कथा के प्रथम दिन भागवत का महात्म्य वर्णन करते हुए भगवान स्वरूप का परिचय, भगवान के कार्य का परिचय, एवं भगवान के स्वभाव का परिचय देते हुए कहा की मनुष्य का जीवन ही प्रतिक्षण परमात्मा से ही चल रहा है बिना भगवान के सहायता के आधेक्षण के लिए भी मानव जीवित नहीं रह सकता है। कथा के प्रारम्भ मे आयोजक परिवार के रतनलाल, श्रवण कुमार, अशोक कुमार, गोपाल, संजय, राजकुमार, कपिल कुमार सामरिया ने आरती की। यह कथा प्रतिदिन प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक चलेगी, जिसमें श्रीमद् भागवत के विभिन्न भक्तिमय प्रसंगों का रसपान कराया जाएगा।

# मुनि श्री अनुपम सागर एवं निर्मोह सागर महाराज के प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

## सांसद दामोदर अग्रवाल ने लिया आशीर्वाद


बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्री 1008 सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर, शास्त्री नगर हाउसिंग बोर्ड में चल रहे चातुर्मास के अंतर्गत शनिवार को मुनि श्री 108 अनुपम सागर महाराज एवं मुनि श्री 108 निर्मोह सागर महाराज संसघ के प्रवचनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल ने मंदिर पहुँचकर आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनि श्रीजनों के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने प्रवचन श्रवण कर धर्मलाभ भी लिया।

हाउसिंग बोर्ड जैन समाज के मीडिया प्रभारी भागचंद पाटनी ने बताया कि समाजजनों ने सांसद अग्रवाल का माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में मंदिर समिति अध्यक्ष राकेश पाटनी, नवयुवक मंडल विजयनगर के मंत्री अक्षत जैन, नमन जैन, अनंत पाटनी, अरिहंत गोधा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे।

RNI NO. RAJHIN/2010/35060
दैनिक बढ़ता राजस्थान




## जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत लिख रहा आत्मनिर्भरता की नई कहानी : सीएम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर, खुशहाल और समृद्ध बना है, यहां हर व्यक्ति के पास तरक्की के भरपूर अवसर हैं। उनके नेतृत्व में आज भारत की न केवल दुनिया में साख बढ़ी है बल्कि विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की तरफ अग्रसर है। अब देश आत्मनिर्भरता की एक नई कहानी लिख रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। राज्य सरकार विकास और सुशासन के संकल्प पर कार्य करते हुए समृद्ध और विकसित राजस्थान बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। शर्मा शुक्रवार को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी और स्वाधीनता के लिए जीवन भर पीड़ाएं-यातनाएं झेलने वाले ज्ञात-अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों को नमन किया। उन्होंने इस राष्ट्रीय पर्व पर बहादुर जवानों को स्मरण करते हुए कहा कि वे देश की सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैदी के साथ डटे हुए हैं। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपनी अमूल्य सेवाएं देने वाले सभी पुलिसकर्मियों और नागरिक संगठनों व समाजसेवी संस्थाओं को भी धन्यवाद दिया।

### 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' के साथ अब जय अनुसंधान भी

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने बीते 11 वर्ष में ऐतिहासिक निर्णय एवं कार्य किए हैं। स्वच्छ भारत अभियान, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन के सपने पूरे हो रहे हैं। शर्मा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत 140 करोड़ भारतीयों का सपना, दृढ़ निश्चय और एक जन आंदोलन है। इस सपने को साकार करने में सभी सक्रिय रूप से देश की प्रगति में भागीदार बनें। उन्होंने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' से प्रेरणा लेते हुए हमें स्वदेशी उत्पादों को गर्व के साथ अपनाना है। 'जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान' में अब जय अनुसंधान जोड़ने की आवश्यकता है। खादी का धागा आजादी की लड़ाई में हमारी ताकत बना था, और आज वही धागा हमें विकसित भारत के सपने को साकार करने की प्रेरणा देता है। आज, 'मेक इन इंडिया' के तहत हम स्वदेशी युद्धपोत, विमान और अत्याधुनिक हथियार प्रणालियां बना रहे हैं।

### प्रदेश को जल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए हम संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को जल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प को लेकर हम काम कर रहे हैं। रामजल सेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौते पर काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। नवनेरा बैराज का कार्य पूर्ण हो गया है और यमुना जल समझौते के तहत टास्क फोर्स ने धरातल पर सर्वे का काम शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत भामाशाहों एवं प्रवासी राजस्थानियों की मदद से हजारों जल संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिशन हरियालो राजस्थान में हम 5 साल में 50 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं और अब तक 15 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

### 5 साल में 53 हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क होगा तैयार

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश को ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कदम उठाए गए हैं। राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 जारी की गई है, जो 2030 तक प्रदेश के अक्षय ऊर्जा उत्पादन को 125 गीगावाट के स्तर तक ले जाने में बड़ी भूमिका निभाएगी। 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है और सभी किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार 5 साल में 53 हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क तैयार करेगी। अटल पथ, रिंग रोड और ब्रिज निर्माण से सड़कों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार हो रहा है। ग्रामीण सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ करने के लिए 1300 गांवों को डामर सड़कों से जोड़ा गया एवं 6 हजार 330 किलोमीटर लंबी मिसिंग लिंक सड़कों का निर्माण किया गया है।

### खनिज ब्लॉकों की नीलामी में राजस्थान का अभूतपूर्व प्रदर्शन

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प के क्रम में राज्य सरकार द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्राप्त 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा है।



### वंचित और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए कर रहे काम

शर्मा ने कहा कि हम प्रदेश के वंचित और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना के तहत बीपीएल परिवारों को गरीबी से बाहर लाया जा रहा है। युवाओं के लिए हमने 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियां सृजित करने का संकल्प लिया है। 75 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं। 1 लाख 68 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। 3 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम जरूरतमंद महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत 25 लाख रुपये तक के निशुल्क इलाज, लखपति दीदी के तहत 14 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण देकर 7 लाख 80 हजार लखपति दीदी एवं मा वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोग्राफी, लाडो प्रोत्साहन योजना में 2 लाख 30 हजार बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड जैसी योजनाओं से आमजन को राहत दे रहे हैं।

### सुशासन हमारे देश और प्रदेश की प्रगति की कुंजी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सुशासन के लिए कृत संकल्पित है। इसी क्रम में हमारी सरकार ने हाल में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा आयोजित कर राज्य भर में शिविर लगाकर सरकारी विभागों से जुड़े काम किए और लाखों जरूरतमंदों को राहत पहुंचाई गई। शर्मा ने कहा कि किसान सम्मान निधि के तहत 76 लाख से अधिक किसानों को 6 हजार 845 करोड़ रुपये दिए गए। किसानों को 35 हजार 738 करोड़ का बिजली बिल अनुदान तथा 1 लाख 60 हजार कृषि कनेक्शन जारी किए गए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का दायरा बढ़ाते हुए वर्ष 2024-25 में 3 करोड़ 73 लाख से अधिक पॉलिसी जारी कर 5 हजार 338 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

# रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर नया टैरिफ नहीं

## ट्रम्प बोले- भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस पहले ही बड़ा ग्राहक खो चुका

बढ़ता राजस्थान




**वॉशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि रूस ने अपने बड़े तेल ग्राहकों में से एक भारत को खो दिया है। उन्होंने यह दावा उस समय किया जब अमेरिका, भारत पर रूसी तेल खरीद को लेकर 25% एक्स्ट्रा जुर्माना लगाने का ऐलान कर चुका है। हालांकि, फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने यह भी कहा कि वह रूस से तेल खरीदने वाले बाकी देशों पर अभी ऐसे अतिरिक्त शुल्क लगाने का इरादा नहीं रखते। ट्रम्प ने कहा, मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। भारत पर अमेरिका ने कुल 50% टैरिफ लगाया दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा।

इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50% हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा- दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है।

# ईसी बोला-राजनीतिक दल वोटर-लिस्ट बनाने के हर चरण में शामिल

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** चुनाव आयोग ने शनिवार को वोट चोरी के आरोप लगाए जाने पर राजनीतिक दलों और नेताओं को कड़ी नसीहत दी। आयोग ने कहा कि अब पुराने चुनावों की वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाना गलत है, क्योंकि इसके लिए तय प्रक्रिया और समय पहले से था। आयोग ने प्रेस नोट जारी कर कहा, वोटर लिस्ट तैयार करने की पूरी प्रक्रिया में राजनीतिक दल भी शामिल रहते हैं। लेकिन कई पार्टियों और उनके बूथ लेवल एजेंट्स ने ड्राफ्ट लिस्ट को सही से नहीं देखा और न ही समय रहते कोई आपत्ति दर्ज कराई। दरअसल, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 7 अगस्त को वोटर लिस्ट में गड़बड़ी पर 1 घंटे 11 मिनट तक 22 पेज का प्रेजेंटेशन दिया था। इस दौरान उन्होंने चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलकर कर्नाटक में लोकसभा और हरियाणा-महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों में गड़बड़ी करने का आरोप लगाया था।

# प्रदेश में कई जिलों में बारिश का अलर्ट...

## उदयपुर में फतहसागर झील को भरने वाले तालाब की चादर चली



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान में शनिवार को जोधपुर और पाली जिले में बरसात हुई। जोधपुर के भोपालगढ़ में शनिवार दोपहर 2 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ। करीब 30 मिनट तक हुई तेज बरसात से बाजार में पानी बहने लगा। पाली के फालना और आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह 9 बजे तक बारिश हुई। जालोर में भी शुक्रवार देर रात से शनिवार तड़के 3 बजे तक रुक-रुक कर बारिश जारी रही।

उधर, उदयपुर में मदार बड़ा तालाब शनिवार को लबालब हो गया और चादर चल गई। 24 फीट क्षमता वाले मदार तालाब का पानी नहर के जरिए सीधे फतहसागर झील में पहुंच रहा है।

### मकान पर बिजली गिरी, दादी-पोता घायल

उधर, झालरापाटन (झालावाड़) के सालरिया गांव में शुक्रवार शाम को मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से रोड़ी बाई (60) और उनका पोता भोला (19) घायल हो गए। दोनों को तुरंत एसआरजी हॉस्पिटल ले जाया गया। भोला को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। रोड़ी बाई को डॉक्टरों ने एडमिट कर लिया। मकान की एक दीवार भी क्षतिग्रस्त हो गई है।

### मानसून ट्रफ नॉर्मल स्थिति में शिफ्ट

मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- बंगाल की खाड़ी से चल रही पूर्वी हवाओं और मानसून ट्रफ के नॉर्मल पॉजिशन पर शिफ्ट होने से राजस्थान में मानसून फिर से एक्टिव हो गया।

वर्तमान में मानसून ट्रफ नॉर्थ से शिफ्ट हो गई और अब बीकानेर, कोटा, दमोह, बिलासपुर से होकर गुजर रही है। इस कारण अब कोर जोन राज्यों जैसे राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड में बारिश का दौर शुरू हो गया।

### उदयपुर में मदार बड़ा तालाब लबालब, चादर चली

फतहसागर झील को भरने में सबसे ज्यादा सहायक मदार बड़ा तालाब लबालब हो गया है। शनिवार को तालाब की चादर चल गई। यहां से बहते हुए पानी फतहसागर झील में पहुंचने लगा है। गुरुवार और शुक्रवार की शाम को कैचमेंट एरिया में बारिश के बाद 24 फीट क्षमता वाले मदार तालाब का पानी नहर के जरिए सीधे फतहसागर झील में पहुंच रहा है। 13 फीट भराव क्षमता वाली फतहसागर झील का जलस्तर शनिवार सुबह तक 10 फीट था।

### जोधपुर के भोपालगढ़ में 30 मिनट तक हुई तेज बरसात

जोधपुर के भोपालगढ़ में शनिवार दोपहर 2 बजे बारिश का दौर शुरू हुआ। करीब आधे घंटे तक हुई बरसात से बाजार में तेज गति से पानी बहने लगा। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि 15 दिन बारिश नहीं होने से फसलें मुरझाने लगी थी।

# जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ी पर मिला कंकाल

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर में नाहरगढ़ की पहाड़ी पर शनिवार को 100 फीट गहरी खाई में नर कंकाल पड़ा था। उसके शरीर का 70 प्रतिशत हिस्सा गायब था। घूमने पहुंचे युवकों की सूचना पर पुलिस पहुंची। कंकाल करीब 1 महीने पुराना बताया जा रहा है। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ बजरंग सिंह शेखावत ने बताया- नाहरगढ़ इलाके में नरसिंह कॉलोनी के पास पहाड़ी पर सुबह घूमने पहुंचे युवकों ने खाई में कंकाल होने की जानकारी दी। सिविल डिफेंस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। नर कंकाल को रिकवर कर सबूत जुटाए गए। एडिशनल डीसीपी नॉर्थ ने बताया- कंकाल की कपड़ों से पहचान की जा रही है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार